दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



लाको चैप्टर 2 को लेकर ....... | काश मैं सिस्टम का हिस्सा होती ......

वर्ष : 12 | अंक : 62 | लखनऊ, 23 फरवरी, सोमवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### पूर्व विधायक बिस्वास वापस टीएमसी में गए

**कोलकाता।** बंगाल के बशीरहाट दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक दीपेंदु बिस्वास ने रविवार



को टीएमसी में फिर से बापसी कर ली। उनके साथ जिले के कई नेताओं ने भी सत्तारूढ़ दल का दामन थामा है। इनमें कांग्रेस अध्यक्ष कादेर सरदार और बशीरहाट नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष पार्थसारथी बसु भी शामिल हैं।

### रोटियों पर थूक, पुलिस ने होटल करवाया बंद

**अलीगढ़।** यहां रोटी पर थूक लगाकर बनाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा



है। यह मामला रोरावर क्षेत्र के तेलीपाड़ा इलाके का बताया जा रहा है। करीब छह-छह सेकंड के दो वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर हो रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी कारीगर को गिरफ्तार कर लिया है।

### असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन भाजपा में

**गुवाहाटी।** कांग्रेस की असम इकाई के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने रविवार को भाजपा ज्वाइन कर ली।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया की उपस्थिति में भूपेन कुमार बोरा सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हो गए। भाजपा की असम इकाई के मुख्यालय 'वाजपेयी भवन' में समारोह के दौरान बोरा अब भाजपा के सदस्य बन गए।

### 60 दिन तक 'डिजिटल अरेस्ट', 3 करोड़ ठगे

**देहरादून।** साइबर ठगों ने 60 दिन तक 'डिजिटल अरेस्ट' करके 70 साल की महिला से 3 करोड़ की




ठगी कर ली। जालसाजों ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया। इसके बाद पीड़ित महिला को वीडियो कॉल पर घंटों धमकाया। गिरफ्तारी कहकर करोड़ों ट्रांसफर करवा लिए।

## प्रधानमंत्री मोदी ने मेरठ से कांग्रेस के एआई 'बवाल' पर उठाए सवाल

# एआई समिट पर कांग्रेस को कपड़े उतारने की जरूरत नहीं, वह पहले से ही 'नग्न'

### अब परियोजनाएं पहले की तरह लटकती-भटकती नहीं



एआई समिट पर कांग्रेस की राजनीति को कोसा

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

पीएम मोदी ने मेरठ में दिल्ली- मेरठ रैपिड रेल के फुल स्ट्रेच और मेरठ मेट्रो का उदघाटन किया और कहा कि एक तरफ देशवासी भारत को विकसित बनाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, लेकिन देश में ही कुछ राजनीतिक दल हैं जो भारत की सफलता को पचा नहीं पा रहे हैं। एआई समिट में दुनिया भर के 80 से अधिक देशों के प्रतिनिधि दिल्ली आए। दुनिया के विकासशील देशों में ऐसा सम्मेलन आज तक कभी नहीं हुआ। लेकिन कांग्रेस और इसके इकोसिस्टम ने भारत के एक वैश्विक आयोजन को अपनी नग्न और गंदी राजनीति का अखाड़ा बना दिया। समारोह स्थल पर विदेशी अतिथियों के सामने कांग्रेस के नेता कपड़े उतार कर पहुंच गए। मैं कांग्रेस वालों से पूछता हूं कि देश तो जानता है आप पहले से ही नग्न हो, फिर कपड़े उतारने की जरूरत क्या पड़ी? महिला सांसदों को भेज करके सीट पर कब्जा करके आप प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हो। कांग्रेस के साथी दलों ने कांग्रेस की आलोचना की।

महिला सांसदों को राशि भेजकर सीट पर कब्जा करके आप प्रधानमंत्री नहीं बन सकते




मेरठ में लोगों को संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी

### आज विकसित देश भारत के साथ जुड़ने को उत्सुक

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया के अनेक विकसित देश आज भारत के साथ व्यापारिक समझौते कर रहे हैं। आज विकसित देश भारत के साथ जुड़ने के लिए उत्सुक हैं। क्योंकि उनको भारत के विकास में अपना भविष्य दिखता है। उनको भारत की युवाशक्ति में उम्मीद दिखती है। आज दुनिया को लगता है कि भारत वो ताकत है, जो 21वीं सदी की चुनौतियों का समाधान दे।

### ये भाजपा का समारोह नहीं देश का कार्यक्रम था

पीएम मोदी ने कहा कि एआई समिट ये भाजपा का समारोह नहीं था, ये देश का कार्यक्रम था, देश के सम्मान का कार्यक्रम था। लेकिन कांग्रेस ने परसों सारी मर्यादाएं तोड़ दी। आज पूरे देश में कांग्रेस की इस रीति-नीति पर थू-थू हो रही है, लेकिन दुर्भाग्य देखिए। इतनी पुरानी पार्टी के नेता लाजने के बजाय बेशर्मी के साथ बोलते हैं।

### देश की सबसे पुरानी पार्टी दिवालिया, दरिद्र हो गई

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने नेताओं ने वहां जो कुछ किया वह दिखाता है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी कितनी दिवालिया, कितनी दरिद्र हो गई है। कांग्रेस तो अपने ही देश को बदनाम करने में जुटी है। कांग्रेस ने नेताओं ने जो कुछ किया वह दिखाता है देश की सबसे पुरानी पार्टी कितनी दिवालिया, कितनी दरिद्र हो गई है?

**अब परियोजनाएं पहले की तरह लटकती, भटकती नहीं**

पीएम मोदी ने काह कि हमारी कार्य संस्कृति है कि जिस काम का शिलान्यास किया जाए, उसे पूरा करने के लिए दिन-रात एक कर दिया जाए। इसलिए अब परियोजनाएं पहले की तरह लटकती, भटकती नहीं है।

### पहले शाम होते ही यहां पूरे रूट में छा जाता था सन्नाटा

पीएम मोदी ने कहा कि पहले यहां शाम होते ही यहां पूरे रूट में सन्नाटा छा जाता था। यहां डर और भय का माहौल होता था। अब एक तरफ कानून व्यवस्था भी सुधरी है और दूसरी तरफ लोगों को सुविधापूर्ण और सुरक्षित यात्रा का भी माध्यम मिला है। मुझे खुशी है कि नमो भारत रैपिड रेल। ये नारीशक्ति के सामर्थ्य का प्रतीक भी बनी है। इसमें ट्रेन ऑपरेटर, स्टेशन कंट्रोल स्टाफ... ऐसे अधिकतर काम में हमारी बेटियां ही कार्यरत हैं, बेटियां ही नेतृत्व कर रही हैं।

### अब कांग्रेस देश के लिए बोझ बनी

पीएम ने कहा कि महिला सांसदों को भेज करके सीट पर कब्जा करके आप प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हो। क्या आप लोग इतने खोखले हो गए हो कि माताओं-बहनों को इसके लिए आगे कर रहे हो? कांग्रेस देश के लिए बोझ बन गई है। एक बात से मुझे संतोष है कि दिल्ली में जो घटना घटी, कांग्रेस के सभी साथी दलों ने कांग्रेस की भरपूर आलोचना करने की हिम्मत दिखाई है। मैं उनका सार्वजनिक रूप से आभार व्यक्त करता हूं।

## पित्रोदा के बयान पर भड़की भाजपा

# 'लश्कर-ए-कांग्रेस' के सैम ने झूठ बोल देश का मजाक उड़ाया

### पूनावाला ने कहा- देश को बदनाम कर रहे



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

वरिष्ठ कांग्रेस नेता की टिप्पणी पर भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि 'लश्कर ए कांग्रेस' के मुख्य सलाहकार ने एक बार फिर से झूठ बोलकर भारत का मजाक उड़ाने की कोशिश की है। एआई समिट में कांग्रेस के टॉपलेस ऐक्ट के बाद लश्कर-ए-कांग्रेस के मुख्य सलाहकार सैम पित्रोदा मैदान में हैं। एक एक बार फिर भारत को बदनाम करने के एजेंडे पर चले हैं। सैम झूठ बोलकर भारत का मजाक उड़ाते हैं। कहते हैं कि भारत पर शर्म आती है कि उसने मोबाइल के लिए ऑपरेटिंग सिस्टम तक विकसित नहीं किया है। उन्होंने पित्रोदा की टिप्पणियों का खंडन करते हुए भारत में विकसित ऑपरेटिंग सिस्टम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का एकमात्र मिशन झूठ बोलकर भारत को बदनाम करना है।

**ये बोले पित्रोदा**

### दूसरों की सेवा के लिए हैं भारतीय

भारतीय प्रवासी कांग्रेस के



प्रमुखपित्रोदा ने एक बार फिर से एक बयान के जरिए पार्टी के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। सैम ने दावा किया कि भारत ने दूसरों की सेवा के लिए युवाओं की बड़ी फौज को खड़ा किया है।यह दिशियों के लिए काम करती है। सैम ने टेक्नोलॉजी निर्माण की स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक 1.5 अरब आबादी वाले देश के लिए यह शर्म की बात है कि उनके पास अपना ऑपरेटिंग सिस्टम तक नहीं है। इसी टिप्पणी पर भाजपा ने हमला बोला।

### खोजों का लाभ उठाने में दिल्ली असमर्थ

एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में सैम ने विदेशी कंपनियों में भारतीयों की संख्या जिक्र करते हुए अपनी बात को रखा। उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी शिक्षा संस्थाओं के जरिए युवा प्रतिभा का एक बड़ा आधार तैयार किया है, लेकिन भारत में ही नई खोजों के लिए इसका लाभ उठाने में नई दिल्ली पूरी तरह से असमर्थ रही है। उन्होंने कहा कि हमने बहुत सारी युवा प्रतिभा का निर्माण किया है, लेकिन यह अपरिपक्व है। इस प्रतिभा ने भारत का नहीं बल्कि दुनिया की तमाम बहुराष्ट्रीय कंपनियों को प्रोग्रामिंग, कानून, उद्योग, लॉजिस्टिक्स, इनोवेशन, बैंकिंग में मदद की है। इस प्रतिभा के दम पर भारत ने वैश्विक स्तर के प्रोडक्ट्स नहीं बनाए, बल्कि इस प्रतिभा का इस्तेमाल दूसरे की सेवा के लिए किया।

## सीबीएसई फिजिक्स परीक्षा पर उठा विवाद

शिक्षक ने बोर्ड के खिलाफ जनहित याचिका दायर की

# परीक्षा के अलग- अलग प्रश्नपत्रों की कठिनाई का स्तर समान नहीं रखा गया

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

देशभर में बोर्ड परीक्षाओं के बीच एक नया विवाद खड़ा हो गया है जिसने लाखों विद्यार्थियों और अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है। शिक्षक प्रशांत किराड ने सीबीएसई के खिलाफ जनहित याचिका दायर की है।आरोप है कि परीक्षा के अलग अलग प्रश्नपत्रों की कठिनाई का स्तर समान नहीं रखा गया, जिससे छात्रों के साथ न्याय नहीं हुआ और उनके अंक उनकी मेहनत से ज्यादा किस्मत पर निर्भर हो गए। शिक्षक का कहना है कि कुछ विद्यार्थियों को



अपेक्षाकृत आसान प्रश्नपत्र मिले, जबकि अन्य को ऐसे प्रश्न हल करने पड़े जिनका स्तर प्रतियोगी परीक्षाओं जैसा बताया जा रहा है। इससे छात्रों में असमानता की भावना पैदा हुई है और पूरे परीक्षा तंत्र पर सवाल उठने लगे हैं।

### क्या है पूरा मामला

दायर की गई जनहित याचिका में कहा गया है कि वर्षों से बोर्ड अलग अलग प्रश्नपत्र तैयार करता रहा है ताकि नकल जैसी समस्याओं पर रोक लगाई जा सके। लेकिन इस बार प्रश्नपत्रों के बीच कठिनाई का अंतर असामान्य रूप से ज्यादा बताया जा रहा है। आरोप है कि कुछ प्रश्नपत्र सीधे और कोर्स आधारित थे, जबकि अन्य में अवधारणात्मक और गहराई वाले प्रश्न अधिक थे, जिनके लिए अतिरिक्त तैयारी की जरूरत पड़ी।

## नड्डा ने टेटनस व डिप्थीरिया वैक्सीन को किया लॉन्च



**सोलन।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को केंद्रीय अनुसंधान केंद्र में टेटनस व डिप्थीरिया वैक्सीन को लॉन्च किया। उन्होंने टीडी वैक्सीन के 15 लाख डोज को बाजार में उतारने के लिए हरी झंडी दिखाई। वैक्सीन की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। सीआरआई कसौली कर्मचारी यूनियन के नेता मांगों को भी स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष रखा।

## खाटू श्याम पद यात्रा



जयपुर। रविवार को श्रद्धालु वार्षिक खाटू श्याम पद यात्रा पर निकल पड़े, जो जयपुर से सीकर तक पैदल मार्च है

## नौ राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर की सूची जारी

चुनाव आयोग ने जारी किए आंकड़े

# देशभर में घटे 1.70 करोड़ मतदाता यहां संख्या 9.75 करोड़ ही रह गई

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भारत के छह राज्यों और कुछ केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम पूरा हो गया है। चुनाव आयोग द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार इस प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में ऐसे मतदाताओं के नाम हटाए गए, जिन्हें अयोग्य पाया गया। 9 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाताओं की संख्या मिलाकर 1 करोड़ 70 लाख से ज्यादा घट गई है। आयोग ने स्पष्ट किया कि यह हटाए गए मतदाताओं और नए जोड़े गए योग्य मतदाताओं



के अंतर के आधार पर नेट बदलाव है। गुजरात, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, राजस्थान, छत्तीसगढ़, अंडमान-निकोबार द्वीप, गोवा और केरल समेत 9 राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों में एसआईआर शुरू होने से पहले मतदाताओं की संख्या लगभग 21.45 करोड़ थी।

### बंगाल में न्यायिक जांच आज से होगी शुरू

**कोलकाता।** बंगाल में चल रहे विशेष गहन निरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची में दावों और आपत्तियों की पूर्ण न्यायिक जांच सोमवार से शुरू हो जाएगी। कलकत्ता हाई कोर्ट द्वारा नियुक्त 150 सेशन जज, 250 न्यायिक अधिकारी इस व्यवस्था में लगाए गए हैं। प्रत्येक जिले में हाई कोर्ट द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति इस प्रक्रिया की निगरानी करेगी। समिति में जिला जज, जिला मजिस्ट्रेट होंगे।

## सीएम सिद्धारमैया ने सोशल मीडिया की लत पर जताई चिंता

# अब 16 साल से कम उम्र के बच्चे नहीं चला पाएंगे मोबाइल

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

कर्नाटक में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए मोबाइल फोन पर रोक लगाने पर विचार किया जा



रहा है। इसके पीछे का कारण उन्होंने बताया कि बच्चों में सोशल मीडिया की लत बढ़ रही है और इसका उनके दिमाग पर असर पड़ रहा है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि यह प्रस्ताव चर्चा के दौर में है और राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से सलाह मांगी गई है कि क्या उनके परिसरों में नाबालिगों की मोबाइल फोन तक पहुंच को सीमित किया जाना चाहिए।

### विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से मांगी सलाह



**स्वास्थ्य और व्यवहार पर बुरा असर पड़ रहा**

सिद्धारमैया ने कहा कि आज हम इस पर चर्चा कर रहे हैं। आप सभी यहां कुलपति हैं, इसलिए मैं आपकी राय जानना चाहता हूं। बच्चे ड्रग्स के शिकार हो रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया जैसे कई देशों की तरह छात्रों में मोबाइल फोन पर रोक लगाने का विचार है। मैं आपकी राय जानना चाहता हूं। हम इसे देख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि छात्रों में सोशल मीडिया की बढ़ती लत उनकी शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार पर बुरा असर डाल रही है।

**हितधारकों से राय ले रहा राज्यः प्रियांक**

इसके अलावा, कर्नाटक के इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री प्रियांक खरगे ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि राज्य खासतौर से बच्चों के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग के उपायों पर हितधारकों से राय ले रहा है।

### गोवा और आंध्र सरकार भी कर रहे विचार

कर्नाटक के अलावा, गोवा सरकार भी 16 साल से कम उम्र के बच्चों को इंस्टाग्राम, फेसबुक और एक्स जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स तक पहुंच से रोकने पर विचार कर रही है। आंध्र प्रदेश में शिक्षा मंत्री नारा लोकेश ने भी संकेत दिया है कि सरकार नाबालिगों के सोशल मीडिया उपयोग पर कड़े नियंत्रण पर विचार कर रही है। उन्होंने ऑनलाइन उत्पीड़न और बच्चों के बढ़ने से ध्यान और पढ़ाई पर पड़ने वाले असर को बताया।

# डॉ राजेश्वर सिंह व संजय दत्त का ऐतिहासिक रोड शो, पर्यावरण संरक्षण और यूथ एम्पावरमेंट का संदेश

## विधायक राजेश्वर सिंह संग रोडशो में संजय दत्त ने कहा: ओए मामू पौधा लगाने का, पानी बचाने का क्योंकि जल सोना है, और वोटर बनकर वोट डालने का

**डॉ राजेश्वर सिंह व संजय दत्त के नेतृत्व में छह आयामों में शुरू हुई हरित क्रांति, स्कूल्स से इंडस्ट्री और विलेजेस तक विस्तारित पहल**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के बंगला बाजार में आज नेट जीरो सरोजनीनगर अभियान का भव्य शुभारंभ जनसैलाब के बीच सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात अभिनेता संजय दत्त उपस्थित रहे। विधायक डॉ राजेश्वर सिंह के साथ आयोजित रोड शो में 20,000 से अधिक नागरिकों, युवाओं, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

फिल्म अभिनेता संजय दत्त रविवार को लखनऊ पहुंचे। सरोजनी नगर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह के बुलावे पर वे इस कार्यक्रम में शामिल होने आए। कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने के लिए उन्होंने लगभग 1 किलोमीटर लंबा रोड शो किया, जिसमें हजारों लोग उनके साथ कदम से कदम मिलाते चले।

इस अवसर पर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने कहा, मेरे लिए दो मुद्दे अत्यंत भावनात्मक हैं – एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन और यूथ एम्पावरमेंट। सरोजनी नगर मेरा परिवार है और इसे मुझे मॉडल विधानसभा बनाना है।

उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों एवं 20,000 से अधिक नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता के सहयोग से ही यह अभियान जनआंदोलन बनेगा।

युवाओं को संबोधित करते हुए संजय दत्त ने अपने विशिष्ट मुंबइया अंदाज में कहा–

ओए मामू, बात सुन। जित्ते भी मामू यहां खड़ेला हैं न सब बात सुनने का। जिंदगी में तीन काम करने का। एक- पौधा लगाने का। दूसरा- पानी बचाने का, क्योंकि जल सोना है ! तीसरा- वोटर बनो, वोट डालो। और एक बात और – नशा मत करना। अगर ये नहीं किया तो.. नहीं किया तो खुद की वॉट लगाने का।

उन्होंने स्वयं को परदे का स्टार बताते हुए विधायक डॉ राजेश्वर सिंह को वास्तविक जीवन का सुपरस्टार बताया और कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले जनप्रतिनिधि ही सच्चे नायक होते हैं। कार्यक्रम के दौरान नेट जीरो सरोजनीनगर अभियान को औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया।



यह अभियान छह प्रमुख आयामों – नेट जीरो स्कूल्स एंड कॉलेजेस, नेट जीरो सोसाइटीज एंड आरडब्ल्यूएज, नेट जीरो टाउनशिप्स, नेट जीरो इंडस्ट्री, नेट जीरो विलेजेस एंड सरोवर्स तथा नेट जीरो न्यू पॉलिसी सजेशन एंड इम्प्लीमेंटेशन – के माध्यम से क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने का संकल्प है। इस अवसर पर कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण विधायक डॉ राजेश्वर सिंह की 17 वर्षीय पुत्री राजलक्ष्मी सिंह रहीं। राजलक्ष्मी सिंह ने संजय दत्त का मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया तथा पर्यावरण विषय पर गहन चिंताओं को व्यक्त करते हुए प्रभावशाली भाषण दिया। अपने संबोधन में उन्होंने संदेश दिया कि एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन की दिशा में वास्तविक बदलाव तभी संभव है जब हम पहले स्वयं में बदलाव लाएं। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए श्री सुनील चौधरी (प्रिंसिपल चीफ कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट्स), डॉ उत्कर्ष शुक्ला (डिप्टी डायरेक्टर, लखनऊ जू) एवं डॉ पूजा सिंह (प्रेसिडेंट, आरडब्ल्यूए भगीरथी एन्क्लेव) को एनवायरनमेंट वॉरियर्स सम्मान प्रदान किया गया। 19 फरवरी को आयोजित एनवायरनमेंटल अवेयरनेस क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार 1,00,000 बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी की छात्रा दीपिका मिश्रा एवं छात्र सौरभ वर्मा को प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार 50,000 मॉडर्न कॉलेज ऑफ एजुकेशन के वर्चस्व तिवारी, दिव्या पांडेय एवं दीपक विश्वकर्मा को दिया गया। तृतीय पुरस्कार 25,000 स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय की आशा तिवारी, माही यादव एवं ताशु यादव को प्रदान किया गया। युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से डेमोक्रेसी चैंपियंस की घोषणा की गई। रामा शंकर त्रिपाठी, मणिक सिंह, बीबी तिवारी, कृपा शंकर शुक्ला, निखिल शर्मा, राजेश त्रिपाठी, के.एन. सिंह, शिविता गोयल, आनंद जोशी, अरुण मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, नेहा सिंह, नीता मल्होत्रा, नाहर सिंह चौहान, अनुराग गुप्ता, कौस्तुभ रस्तोगी, रईस अहमद, देव भाटिया तथा शिवम पांडेय को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम ने सरोजनीनगर में पर्यावरण संरक्षण, युवा सहभागिता और लोकतांत्रिक चेतना के एक नए युग की शुरूआत का संदेश दिया।

## वैश्विक बौद्ध आस्था का केंद्र बना यूपी, 82 लाख पर्यटक पहुंचे बुद्ध भूमि

### बौद्ध सर्किट ने रचा नया कीर्तिमान, 4.40 लाख से अधिक विदेशी पर्यटकों का आगमन

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ने एक बार फिर वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हुए बौद्ध आस्था और विरासत के केंद्र के रूप में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वर्ष 2025 में प्रदेश ने बौद्ध सर्किट के जरिए दुनिया भर के श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करते हुए लगभग 82 लाख आगंतुकों का स्वागत किया, जिनमें 4.40 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक शामिल रहे। विशेष रूप से कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय बौद्ध पर्यटन के प्रमुख आकर्षण के रूप में उभरकर सामने आया, जहां विदेशी श्रद्धालुओं की सर्वाधिक आमद दर्ज की गई।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'उत्तर प्रदेश आज वैश्विक बौद्ध आस्था का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। उन्होंने बताया कि दुनिया भर के बौद्ध धर्मावलंबी अपनी बोधि यात्रा की शुरूआत उत्तर प्रदेश से करने को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिससे राज्य में इनबाउंड टूरिज्म में



उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की जा रही है। सारनाथ, कपिलवस्तु, श्रावस्ती, संकिसा, कौशांबी और कुशीनगर जैसे भगवान बुद्ध के जीवन और संदेश से जुड़े पवित्र स्थलों के भ्रमण को श्रद्धालु जीवन की पवित्र यात्रा मानते हैं।' पर्यटन मंत्री ने बताया कि 'मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश का पर्यटन क्षेत्र निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के छह पवित्र बौद्ध स्थलों पर पर्यटकों की संख्या में वर्ष दर वर्ष उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2025 में इन स्थलों पर लगभग 82 लाख पर्यटकों का आगमन हुआ, जिनमें 4.40 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक शामिल रहे। वर्ष 2024 में कुल 61 लाख से अधिक पर्यटक राज्य के बौद्ध स्थलों पर पहुंचे, जिनमें 3.50 लाख से अधिक विदेशी आगंतुक थे। वहीं वर्ष 2023 में करीब 47 लाख पर्यटकों ने प्रदेश के बौद्ध सर्किट का भ्रमण किया, जिनमें 2.50 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक शामिल रहे। वर्ष 2022 में 22.40 लाख से अधिक पर्यटक बौद्ध स्थलों पर आए, जिनमें 48 हजार से अधिक विदेशी पर्यटक थे।

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश का बौद्ध सर्किट वैश्विक आस्था और आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। वर्ष 2025 में 2.90 लाख से अधिक विदेशी पर्यटकों का आगमन इस ऐतिहासिक स्थल पर दर्ज किया गया। साल 2024 में 2.51 लाख, 2023 में 2.14 लाख तथा 2022 में 41 हजार से अधिक विदेशी पर्यटकों ने कुशीनगर की पवित्र धरती पर पहुंचकर आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की।

## वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लिए सरकार का बड़ा प्लान

अमन लेखनी समाचार

- यूरोपीय संघ से मुक्त व्यापार समझौते में यूपी का बड़ा लाभ चाहते हैं सीएम
- विभिन्न कंपनियों और उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे डिप्टी सीएम

**लखनऊ।** सीएम योगी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में व्यापक विदेशी निवेश लाने की मुहिम जारी है। इसी क्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार को जर्मनी पहुंचे हैं। यह यात्रा भारत व यूरोपीय संघ (एव) के बीच हाल में हुए मुफ्त व्यापार समझौते के बाद की जा रही है, जिसे दोनों पक्षों के लिए ऐतिहासिक आर्थिक कदम के रूप में देखा जा रहा है। इस समझौते को जनवरी 2026 में अंतिम रूप दिया गया था, जिससे भारत-ईयू के बीच व्यापार और निवेश के नए अवसर खुल रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस समझौते में उत्तर प्रदेश के लिए निवेश तथा ओडीओपी उत्पादों के निर्यात की असीम संभावनाएं देख रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री सोमवार को जर्मनी में विभिन्न कंपनियों, व्यापार समूहों और उद्योगपतियों से मुलाकात करेंगे तथा उन्हें उत्तर प्रदेश में निवेश के



लिए आमंत्रित करेंगे। इस दौरे के दौरान संभावित मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर भी हो सकते हैं, जो यूपी के निर्यात और औद्योगिक विस्तार को मजबूती देंगे। इस दौरे से संभावित निवेश के अलावा उत्तर प्रदेश के उत्पादों को यूरोपीय बाजारों में पहुंचने के मार्ग आसान होने की उम्मीद जताई जा रही है। ट्रेड डील के बाद यूपी के ब्रांडेड उत्पादों, टेक्सटाइल तथा फिनिश्ड गुड्स को यूरोपीय बाजारों में बेहतर प्रतिस्पर्धी स्थिति मिल सकती है।

राज्य सरकार ने पहले भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार शो और निवेश सम्मेलनों के माध्यम से ग्लोबल बायर्स और व्यापारियों को यूपी के उत्पादों से रूबरू कराया है, जिसमें विभिन्न देशों से खरीदारों और निवेश प्रस्तावों का उत्साहजनक जुड़ाव रहा है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जर्मनी में प्रदेश को भारत की सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था, विशाल उपभोक्ता बाजार और बेहतर कनेक्टिविटी वाले निवेश गंतव्य के रूप में प्रस्तुत करेंगे। वह बताएंगे कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य में कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है, एक्सप्रेस-वे, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, डिफेंस कॉरिडोर और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स हब जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स ने औद्योगिक माहौल को अनुकूल बनाया है। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन, ऑटो व ईवी, टेक्सटाइल, लेदर, फूड प्रोसेसिंग, डेटा सेंटर, सेमीकंडक्टर और ओडओपी में निवेश की व्यापक संभावनाओं को रेखांकित करते हुए वह संदेश देंगे कि उत्तर प्रदेश 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर अग्रसर है और यूरोपीय कंपनियों के लिए दीर्घकालिक साझेदारी का भरोसेमंद केंद्र बन सकता है।

## खाद्य प्रसंस्करण नीति से बढ़ा निवेश और निर्यात

**लखनऊ।** प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग तेजी से एक प्रमुख औद्योगिक हब के रूप में विकसित हो रहा है। यूपी की खाद्य प्रसंस्करण नीति से निवेश, रोजगार और निर्यात को नई रफ्तार मिल रही है। प्रदेश सरकार द्वारा लागू उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीतिझ2023 का उद्देश्य राज्य में निवेश, रोजगार और निर्यात को प्रोत्साहित करते हुए किसानों की आय में वृद्धि करना है। खाद्य प्रसंस्करण विभाग इस क्षेत्र मे सुदृढ़ नीति एवं पारदर्शी व्यवस्था के साथ आगे बढ़ रहा है।

प्रदेश में असंगठित क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 3.50 लाख खाद्य प्रसंस्करण इकाइयाँ स्थापित एवं क्रियाशील हैं, जबकि संगठित क्षेत्र में 80,000 से अधिक इकाइयाँ कार्यरत हैं। इनमें से 3000 से अधिक इकाइयों का वार्षिक टर्नओवर 100 करोड़ रुपये या उससे अधिक है। यह क्षेत्र लगभग 2.55 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध करा रहा है। सरकार का लक्ष्य प्रत्येक जनपद में 1000 नई इकाइयाँ स्थापित कर 75,000 अतिरिक्त इकाइयों की स्थापना करना है, जिससे कुल संख्या को लगभग 1.40 लाख तक पहुंचाया जा सके। राज्य में 15 एग्रो-फूड प्रोसेसिंग पार्क भी विकसित किए जा रहे हैं। प्रदेश में निजी निवेश के माध्यम से बड़ी खाद्य प्रसंस्करण इकाइयाँ स्थापित की जा रही हैं। हल्दी, आम, आँवला, मिर्च, नमकीन एवं दुग्ध प्रसंस्करण पर विशेष बल दिया जा रहा है, जिससे उत्तर प्रदेश प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का प्रमुख निर्यातक राज्य बनकर उभर रहा है। नीति के अंतर्गत नई खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को परियोजना लागत का 35 प्रतिशत (अधिकतम 5 करोड़ रुपये) अनुदान दिया जा रहा है। इकाइयों के विस्तार, आधुनिकीकरण एवं उन्नयन हेतु 35 प्रतिशत (अधिकतम 1 करोड़ रुपये) का प्रावधान है।

मूल्य वर्धन एवं कोल्ड चेन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए प्लांट एवं मशीनरी पर 35 प्रतिशत तथा फ्रीजिंग सुविधा पर 50 प्रतिशत (अधिकतम 10 करोड़ रुपये) तक अनुदान उपलब्ध है। ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापना पर महिला उद्यमियों को 90 प्रतिशत तथा पुरुष उद्यमियों को 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। निर्यात हेतु परिवहन लागत पर 25 प्रतिशत सब्सिडी, रेफर वैन/मोबाइल यूनिट के लिए 5 वर्ष तक ब्याज सब्सिडी (अधिकतम 50 लाख रुपये), कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर पर 35 प्रतिशत (अधिकतम 10 करोड़ रुपये) तथा फार्म गेट इंफ्रास्ट्रक्चर पर 35 प्रतिशत (अधिकतम 5 करोड़ रुपये) की सहायता दी जा रही है। भूमि एवं शुल्क संबंधी प्रोत्साहनों में 12.5 एकड़ से अधिक कृषि भूमि क्रय की अनुमति, भूमि उपयोग परिवर्तन (उछव) शुल्क में 50 प्रतिशत छूट, बाह्य विकास शुल्क में 75 प्रतिशत छूट तथा स्टांप शुल्क की 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति का प्रावधान किया गया है। साथ ही एकल एकीकृत बाजार व्यवस्था के अंतर्गत मंडी शुल्क एवं उपकर में छूट प्रदान की जा रही है।

## कई दलों के नेताओं ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के समक्ष आज समाजवादी पार्टी की नीतियों पर आस्था जताते हुए भाजपा, राष्ट्रीय लोक दल और राष्ट्रीय स्वाभिमान पार्टी छोड़कर आए नेताओं और दूसरे प्रमुख लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। समाजवादी पार्टी की सदस्यता लेने वालों में रवि बैंसला प्रधान कांशीराम, बागपत भाजपा छोडकर आये हैं। नवीन शर्मा प्रतियोगी परीक्षा चलाने वाले कोचिंग टीचर बुलन्दशहर, एडवोकेट वीरेन्द्र सिंह गाजियाबाद राष्ट्रीय स्वाभिमान पार्टी छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए है।

मोटीवेशनल स्पीकर श्री अमर चौधरी और एडवोकेट महेश नागर गौतमबुद्ध नगर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ने भी समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। आज समाजवादी पार्टी में शामिल होने वाले राहुल सिंह



पूर्व जिलाध्यक्ष/पूर्व प्रत्याशी रालोद बिजनौर/पूर्व ब्लाक प्रमुख हल्दौर बिजनौर, भोपाल सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख बिजनौर, महेन्द्रपाल पूर्व डिप्टी एसपी बिजनौर, करणपाल सिंह भुइयार, सदस्य जिला पंचायत बिजनौर, अर्जुन सिंह पूर्व अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद बिजनौर, दिलावर सिंह प्रधान पूर्व चेयरमैन डीसीएफ बिजनौर, बलजीत शास्त्री पूर्व जिला मुख्य महासचिव रालोद बिजनौर, सुरेन्द्र सिंह प्रधान एससी डायरेक्टर गन्ना समिति बिजनौर ने सदस्यता ग्रहण की। इनके अतिरिक्त सर्वश्री सूरज सिंह प्रधान, रविन्द सिंह पूर्व चेयरमैन, नितिन कुमार पूर्व जिलाध्यक्ष छात्रसभा रालोद, रोहित कुमार ग्राम प्रधान, संजीव कुमार ग्राम प्रधान, धर्मेन्द्र कुमार ग्राम प्रधान, राम लाल बाल्मीकि जिलाध्यक्ष बाल्मीकि समाज, देवेश चौधरी महासचिव व्यापारी एकता परिषद, बलराम सिंह जिला उपाध्यक्ष रालोद, कामेन्द्र सिंह पूर्व जिला महासचिव रालोद, ठाकुर सतीश गहलौत वरिष्ठ भाजपा नेता, प्रशान्त चौधरी, धर्मेन्द्र कुमार पीपलसाना, मुनिदेव शर्मा, जाफर हुसैन, आकाश कुमार जिला महासचिव रालोद, सिन्टु कुमार पूर्व जिला सचिव रालोद, प्रशान्त विकास जिला महासचिव युवा बिजनौर शामिल हुए।

समाजवादी पार्टी की सदस्यता लेने वालों में रवि बैंसला प्रधान कांशीराम, बागपत भाजपा छोडकर आये हैं। इनके साथ शिवदा पाण्डेय, जुनैद फरीदी चेयरमैन, सुख पाल सिंह गुर्जर, अजय भाटी, लीलू प्रमुख, विक्रम प्रधान, बेगराज, विजय पाल मास्टर, मुकेश प्रधान सतीश त्यागी आदि ने भी सदस्यता ग्रहण की है। नवीन शर्मा प्रतियोगी परीक्षा चलाने वाले कोचिंग टीचर बुलन्दशहर के साथ सर्वश्री अमर चौधरी, बिल्लू भाटी, जगपाल भाटी, सचिन खारी, सौरभ शर्मा, ऋतिक त्यागी, नामेत भाटी, वाशु शर्मा, बादल भाटी, गौरव शर्मा आदि ने भी समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।

एडवोकेट वीरेन्द्र सिंह गाजियाबाद राष्ट्रीय स्वाभिमान पार्टी छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए है। जितेन्द्र प्रताप सिंह रालोद छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए। मोटीवेशनल स्पीकर अमर चौधरी और एडवोकेट महेश नगर गौतमबुद्ध नगर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष तथा चौधरी श्याम सिंह बाग ने भी समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। इनके अतिरिक्त सतेन्द्र चौधरी, सुनील चौधरी, शेखर सैनी, सलीम अहमद, नितिन चौधरी, चौधरी दीपक कुमार, प्रशान्त मौय, चौधरी शुभम कुमार, चौधरी वरुण सिंह , मौ0 नवाजिस, प्रियम चौधरी, अनिरुद्ध आदि शामिल हुए। समाजवादी पार्टी के शामिल होने वालों में सर्वश्री त्रिभुवन दत्त विधायक आलापुर अम्बेडकरनगर, रामऔतार सिंह सैनी विधायक नूरपुर, जज मनोज कुमार पूर्व प्रत्याशी लोकसभा नगीना बिजनौर शामिल हैं। अखिलेश यादव ने उम्मीद जताई है कि इन नये साथियों के आने से समाजवादी पार्टी मजबूत होगी और 2027 में उत्तर प्रदेश से भाजपा की सरकार का सफाया होगा।

उन्होंने सभी के प्रति आभार और बहुत-बहुत धन्यवाद जताया। इस अवसर पर सांसद रुचि वीरा, नेता विरोधी दल माता प्रसाद पाण्डेय, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रवक्ता राजकुमार भाटी, प्रदेश अध्यक्ष श्री श्याम लाल पाल भी मौजूद रहे।

## अवैध विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार, 135 पौवे बरामद

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में अवैध विदेशी शराब की बिक्री के खिलाफ आबकारी विभाग और पुलिस ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की है। रविवार को टीम ने दबिश देकर एक आरोपी को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की। आबकारी निरीक्षक अखिलेश कुमार अपनी और पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर ग्राम रुसेना स्थित आम के बाग के पास पहुंचे। वहां एक व्यक्ति अवैध विदेशी शराब बेचता मिला। तलाशी लेने पर उसके पास से 109 पौवे और 26 अद्धे समेत कुल 135 पौवे अवैध विदेशी शराब बरामद हुई। जांच में पाया गया कि बरामद शराब की बोतलों पर फर्जी क्यूआर कोड चस्पा कर बिक्री की



संयुक्त टीम के गिरफ्त में आरोपी

जा रही थी। संयुक्त टीम ने मौके से रंजीत यादव निवासी ग्राम रामपुर, थाना माल, लखनऊ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में आबकारी निरीक्षक विवेक सिंह, विजय, शिखर मल्ल, अभिषेक सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा। इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## नाबालिग को भगाकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि बीते 10 दिसंबर 2025 को हरदोई जनपद के संडीला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री को आरोपी बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। शिकायत के आधार पर रहीमाबाद थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान साक्ष्यों के आधार पर मामले में पॉक्सो एक्ट की धारा 70(2) की बढ़ोत्तरी की गई। पुलिस टीम ने रविवार को



आरोपी रोहिणी – फोटो

मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी रोहणी कुमार तिवारी उर्फ छोटू निवासी ग्राम करोंदी, थाना रहीमाबाद को गहदो-अहिंडर कच्चे मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## हाईवे पर खड़े टैंकर से भिड़ा डाला, चालक गंभीर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। हरदोई-लखनऊ हाईवे पर रविवार को एक तेज रफ्तार छोटा हाथी डाला अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-टैंकर से टकरा गया। हादसे में डाला चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि वाहन में सवार दो लोगों को मामूली चोटें आईं। घटना रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम चिंहूंटा-कटौली गांव के बीच की है। जानकारी के मुताबिक एनएचआई के कर्मचारी हाईवे के डिवाइडर पर लगे पौधों में ट्रैक्टर-टैंकर के माध्यम से पानी दे रहे थे। इसी दौरान लखनऊ की ओर से आ रहा छोटा हाथी डाला अचानक अनियंत्रित हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक को झपकी आने से वाहन सीधे सड़क किनारे खड़े टैंकर में जा भिड़ा। हादसे में डाला चालक विशाल निवासी भारत नगर, मड़ियावां (लखनऊ) गंभीर



हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन फोटो

रूप से घायल हो गया। वहीं वाहन में सवार संडीला (हरदोई) निवासी याकूब और इसरार को हल्की चोटें आईं। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और घायल चालक को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि डाला लखनऊ मंडी से फल-सब्जी खरीदकर संडीला जा रहा था। टक्कर के बाद वाहन में लदा फल-सब्जी सड़क पर बिखर गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को हटवाकर यातायात सुचारु कराया।

## संक्षेप

### ई रिक्शा पेड़ से टकराया, एक की मौत, दो घायल

सफीपुर, उन्नाव। थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के हुलासी कुआं तकिया मार्ग पर अनियंत्रित ई रिक्शा पेड़ से टकरा गया जिसमें सवार चार लोग घायल हो जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर मौजूद चिकित्सक ने एक वृद्ध को मृत घोषित कर दिया दो की गंभीर हालत देखते जिला अस्पताल भेज दिया गया थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी शांति 30वर्ष पत्नी अवधेश तेजा 70वर्ष पुत्र केशव भागना 65 वर्ष पत्नी तेजा दुलारी 55 वर्ष मनीष 30 वर्ष पुत्र सुरेश दुलारी 55 पत्नी जगाना एक ई रिक्शा पर सवार होकर सफीपुर की ओर आ रहे थे तभी उगू के पास ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया जिसमें सवार सभी घायल हो जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर मौजूद चिकित्सक ने तेजा को मृत घोषित कर दिया वही दो की गंभीर हालत देखते जिला अस्पताल भेज दिया गया।

### लापता वृद्ध का झाड़ियों में मिला शव

पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम भूपतिपुर निवासी शिवपाल 65 का दो सप्ताह बाद रविवार को असेहरु-मंझिगवां रोड किनारे शव झांड़ियो में पड़ा मिला। बीते 20 फरवरी को शिवपाल की बहू रेनू ने कोतवाली मे तहरीर देते हुए बताया कि उसके पति व देवर बाहर रहते हैं और वह अपने बच्चों संग गांव भूपतिपुर स्थित मकान में रहती है ।और ससुर शिवपाल 65 गांव के बाहर स्थित खेत पर रहते हैं ।उसके ससुर बीते 7 फरवरी को घर आकर शाम 5 बजे वापस चलें गये थे ।जिसके बाद वह वापस नहीं आये जहां आज रविवार को असेहरू मझिगवां रोड के किनारे झाड़ियों में उसके ससुर की लाश मिली। घटना की सूचना मिलते ही पुत्र राजकुमार, बबलू, बेटी सुनीता, मीना, शीलू व गीता आदि परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना बाद मौके पर डायल 112 पीआर बी व कोतवाल अमरनाथ यादव दल बल के साथ पहुंचे ।और मौका मुआयना बाद शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेजा है।

### बेटे व बहु से विवाद के बाद महिला ने निगला जहरीला पदार्थ

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर किसी बात को लेकर बेटे और बहू से बिवाद हो गया जिससे आहत हो कर मां ने कीटनाशक निगल लिया हालत बिगड़ने पर मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। आसीवन तरफ सिद्ध नाथ गांव निवासी लक्ष्मी पत्नी बउवा 40 रविवार की दोपहर बेटे सर्वेश के साथ घरेलू बातों को लेकर कहासुनी होने लगी जिस पर बहू भी सास से झगडने लगी पडोसियों ने बीच बचाव कर दोनों को शांत कराया बहू बेटे से हुई कहासुनी से छुब्ध होकर कीटनाशक निगल लिया थोड़ी देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों को जानकारी हुई जिस पर उसे मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही ने ली युवक की जान

अमन लेखनी समाचार



औरास, उन्नाव। क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित आर्या पॉलीक्लिनिक पर इलाज के दौरान बिगड़ी हालत, लखनऊ ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दम औरास, उन्नाव ।जनपद के थाना औरास क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर गढ़ौवा स्थित एक निजी क्लीनिक में झोलाछाप डॉक्टर की कथित लापरवाही के कारण एक 35 वर्षीय युवक की असमय मृत्यु हो गई। इस घटना से मृतक के परिवार में चीख-पुकार मच गई है और क्षेत्र में अवैध रूप से चल रहे अस्पतालों के खिलाफ रोष व्याप्त है।

### क्या है पूरा मामला?

प्राप्त विवरण के अनुसार, शनिवार दोपहर करीब 3:00 बजे ग्राम हिमाचल खेड़ा मजरा रामपुर गढ़ौवा निवासी विशुन पाल 35 वर्ष पुत्र रामखेलावन को अचानक पेट में तेज दर्द और उल्टी की शिकायत हुई। परिजन आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए पास के ही आर्या पॉलीक्लिनिक, रामपुर गढ़ौवा ले गए।

### इलाज के दौरान बिगड़ी स्थिति

परिजनों का आरोप है कि क्लीनिक में प्राथमिक उपचार के नाम पर बरती गई लापरवाही के कारण विशुन पाल की स्थिति और अधिक बिगड़ गई। जब हालत बेकाबू होने लगी, तो वहां मौजूद कथित डॉक्टर ने पल्ला झाड़ते हुए मरीज को लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन उन्हें लखनऊ ले जा ही रहे थे कि रास्ते में ही विशुन पाल ने दम तोड़ दिया।

### पुलिस की कार्रवाई

युवक की मौत की खबर मिलते ही घर में मातम छा गया। परिजन शव लेकर वापस गांव पहुंचे और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची औरास थाना प्रभारी संजीव कुमार कुशवाहा ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### थाना प्रभारी का बयान

शव का पंचायतनामा भरा जा रहा है। परिजनों से तहरीर मिलने के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा और नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### सवालों के घेरे में स्वास्थ्य विभाग

क्षेत्र में बिना किसी वैध लाइसेंस और योग्य डिग्री के धड़ल्ले से चल रहे ये झोलाछाप अस्पताल काल का ग्रास बन रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता के कारण आर्या पॉलीक्लिनिक जैसे कई अवैध केंद्र संचालित हैं, जहाँ लोगों की जिंदगी से सरेआम खिलवाड़ किया जा रहा है।

## दो बाइकों की आमने सामने टक्कर, तीन घायल

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र में रविवार को दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में से एक व्यक्ति को गंभीर चोटों के कारण उन्नाव जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, घायलों में सनी पाल (लगभग 22 वर्ष), लल्लन (लगभग 35 वर्ष) और उनकी पत्नी पिंकी (लगभग 30 वर्ष) शामिल हैं। लल्लन के पैर में फ्रैक्चर हुआ है। सनी पाल कुलशेर, ग्रेटर नोएडा सेक्टर 85 के निवासी हैं, जबकि लल्लन गेरूवा, थाना औरास के रहने वाले हैं। बताया गया है कि सनी पाल अपनी बाइक से गेरुआ से अपने दोस्त की बहन की शादी में जा रहे थे। वहीं, लल्लन अपनी पत्नी पिंकी को बाइक पर बिठाकर औरास की ओर आ रहे थे ।ककोर बाबा मंदिर के पास दोनों बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई। हादसे में घायल हुए लल्लन पुत्र मैकू को प्राथमिक उपचार के बाद उन्नाव जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की मनाई गई 119 वी जंयती

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। भगवंतनगर के पतारी ई०का०के संस्थापक,स्वत्रंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष पं मनबोधन नाल बाजपेयी की 119 वीं जयत्ती के अवसर पर उपस्थित विशिष्ट जनों द्वारा माल्यार्पण किया गया। कालेज की छात्राओं द्वारा सुंदर सरस्वती वन्दन एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्रधानाचार्य हरिनाथ द्विवेदी ने कहा इन महापुरुषों के त्याग एवं बलिदान की बदौलत ही देश स्वत्रंत हुआ व हम आज खुली हवा में सांस ले पा रहे है। इन महापुरुषों का स्मरण कर तथा उनके त्याग व बलिदान को युवा पीढ़ी को सीख लेने की आवश्यकता है। वर्तमान प्रधानाचार्य ओम प्रकाश रावत ने बाजपेयी जी को युग पुरुष बताते हुए उन्हें नमन किया ।शिक्षविद आनंद मोहन द्विवेदी ने बाजपेयी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी जेल यात्राओं की चर्चा करते हुए बताया कि बाजपेयी जी 1963 से 1970 तक जिला परिषद उन्नाव के पद पर रहते हुए जनपद की शिक्षा के प्रचार-प्रसार हेतु अनेक विद्यालय खुलवाने के साथ निराला इंटर कॉलेज की नींव डाली। अन्य वक्ताओं में डॉ प्रताप नारायण द्विवेदी, राम शरण सिंह,शिवनाथ सिंह आदि ने भी अपने विचार ब्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन महेश सिंह ने किया जबकि विद्यालय प्रबंधक सुंदर लाल बाजपेयी ने अपने पिता की जयंती पर आए हुए सभी आगंतुकों का आभार ब्यक्त किया। इस मौके पर चैयरमैन आशीष शुक्ला,मंडल अध्यक्ष आशीष बाबा, बाबुल बाजपेयी,राजू बाजपेयी, शिव प्रकाश नेगी,बृज किशोर तिवारी, राघवेंद्र बाजपेयी, गोवर्धन कुरील सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अगवानी के समय फायरिंग से दो घायल दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई,जब अगवानी में डांस करते समय बरातियों के बीच विवाद हो गया और फायरिंग हो गई। घटना में दो युवक गंभीर घायल हो गए, डाक्टर ने गंभीर हालत देख ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। पुलिस ने भाजपा नेता सहित 3 नामजद व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर धरपकड़ शुरू की है। कोतवाली क्षेत्र के बक्शीखेड़ा निवासी रामस्वरूप के पुत्र प्रदीप की बारात क्षेत्र के ही आदमपुर भाषी के मजरा अजमाखेड़ा निवाशी अमृतलाल के यहां गई थी। शनिवार रात करीब 11 बजे अगवानी के दौरान बराती डांस कर रहे थे।इसी बीच किसी बात को लेकर बरातियों में कहासुनी हो गई और देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। कुछ लोगों ने खेत किनारे गड़े बांस के डंडे उखाड़कर एक-दूसरे पर हमला शुरू कर दिया। इसी दौरान बरातियों में शामिल एक युवक ने फायरिंग कर दी। गोली लगने से अजगैन कोतवाली क्षेत्र नवई निवासी आकाश (25) पुत्र रामचंद्र लोधी और शिवा (24) पुत्र वीरेंद्र लोधी घायल हो गए।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सीएचसी लेकर गई जहां डॉक्टरों ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए केजीएमयू लखनऊ रेफर कर दिया ।वही घायल आकाश के भाई विकाश ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि डांस करते समय आपस में धक्का मुक्की के बाद बक्शी खेड़ा निवाशी धर्मेंद्र राजपूत पुत्र रामगोपाल, करन उर्फ जलस्की, कपिल पुत्र रघुनाथ सहित अज्ञात व्यक्ति द्वारा तमंचे से फायर भाग निकले।इस संबंध में अरविंद चौरसिया ने बताया कि शादी समारोह में फायरिंग हुई है जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल है जिनका ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है घायल आकाश के भाई विकाश की तहरीर पर तीन नामजद सहित अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## धूमधाम से निकाली गई श्री श्याम निशान यात्रा

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। फाल्गुन माह के अवसर पर रविवार दोपहर श्री श्याम फाल्गुन निशान यात्रा निकाली गई। श्री सिद्धेश्वर दरबार, आदर्श नगर बड़ी नहर से शुरू हुई इस यात्रा में सैकड़ों श्यामभक्त शामिल हुए। पूरे शहर में 'जय श्री श्याम' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा का शुभारंभ दोपहर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना के बाद हुआ। श्रद्धालु हाथों में रंग-बिरंगे निशान, ध्वज और पताकाएं लेकर आगे बढ़ रहे थे।इस यात्रा में महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। कई भक्तों ने नंगे पांव चलकर अपनी आस्था प्रकट की। डीजे और भजन मंडलियों द्वारा प्रस्तुत श्याम भजनों पर भक्त झूमते हुए दिखाई दिए ।यात्रा मार्ग पर गुलाल और फूलों की वर्षा की गई, जिससे पूरा वातावरण श्याममय हो गया। निशान यात्रा आदर्श नगर बड़ी नहर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों और विभिन्न मोहल्लों से गुजरी। जगह-जगह स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल, प्रसाद और अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। कई स्थानों पर स्वागत द्वार भी बनाए गए थे। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि फाल्गुन माह में निकाली जाने वाली इस निशान यात्रा का विशेष महत्व है। मान्यता है कि श्याम बाबा का सच्चे मन से स्मरण करने पर सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं ।यात्रा के माध्यम से समाज में प्रेम, भाईचारे और धार्मिक एकता का संदेश दिया गया। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल यात्रा मार्ग पर तैनात था, जिससे यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई ।यात्रा पुनः दरबार पहुंची, जहां आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष और भी भव्य रूप से निशान यात्रा निकालने का संकल्प लिया। पूरे दिन शहर का माहौल भक्ति, उल्लास और श्रद्धा से सराबोर रहा।

## फर्जी नियुक्ति पत्र देकर ठगी करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मार्दनपुर निवासी सत्यपाल पुत्र गंगा नारायण आयु लगभग 47 वर्ष के खिलाफ थाना पुरवा के अंतर्गत ग्राम प्रभुवा खेड़ा निवासी राम प्रकाश पुत्र अयोध्या ने तहरीर कोतवाली बीघापुर में तहरीर दिया था कि नौकरी के नाम पर200000 लिया व फर्जी नियुक्ति पत्र दिया तहरीर के आधार पर पुलिस ने सत्यपाल व उसकी पत्नी के खिलाफ धारा 420 /406/ 323/ 504/ 506 भारतीय दंड संहिता के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया और विवेचना के दौरान धारा 467 468 471 की बढ़ोतरी करते हुए रविवार को पुलिस ने सत्यपाल को घर से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया

## एस.एस. स्पोर्ट्स अकादमी का कराटे कलर बेल्ट टेस्ट सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सोहरामऊ स्थित एस.एस. स्पोर्ट्स अकादमी में कराटे का कलर बेल्ट टेस्ट उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ से आए राजस्व अधिकारी ओम प्रकाश उपस्थित रहे। वहीं राष्ट्रीय कराटे कोच अजय सिंह फाइटर, विशिष्ट अतिथि एवं निर्णायक की भूमिका में लोकबंधु नर्सिंग ऑफिसर योगाचार्य पं. नवीन तथा नेशनल कराटे कोच अजीत कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कराटे कोच सुरेश वर्मा ने किया, जिसमें विकास ने सहयोगी भूमिका निभाई। इस अवसर पर कराटे कोच प्रिया सविता एवं समाजसेवी सोनू राजपूत भी मौजूद रहे। योगाचार्य पं. नवीन ने अपने संबोधन में कहा कि कराटे केवल आत्मरक्षा की कला ही नहीं, बल्कि शारीरिक फिटनेस, मानसिक अनुशासन, एकाग्रता और आत्मविश्वास बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। वहीं राष्ट्रीय कराटे कोच अजय सिंह ने कहा कि कराटे अनुशासन, सम्मान और धैर्य जैसे नैतिक मूल्यों की शिक्षा देता है, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में रविवार चकलवंशी मियागंज मार्ग पर अनियंत्रित पिकअप लोडर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह गभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया दुर्घटना के बाद चालक गाड़ी छोड़ कर मौके से भाग निकला घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिकअप लोडर कब्जे में ले लिया है।




सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के बम्हना गांव निवासी रवि 30 पुत्र नौरंग सिंह रविवार दोपहर बाइक से किसी काम से माखी थाना क्षेत्र के हरिगढ़ी गांव जाने के लिए निकला था इसी बीच अजमत नगर गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार बेकाबू पिकअप लोडर चालक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक रवि गंभीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया इस सम्बंध में रसूलाबाद चौकी इंचार्ज जय प्रकाश यादव ने बताया कि पिकअप लोडर को कब्जे में ले लिया गया है तहरीर के आधार कारवाई की जायेगी।

## दो सैकड़ा सेवादारों ने बौद्ध विहार तालाब पर चलाया स्वच्छता अभियान

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। क्षेत्र के मटरिया गांव मे संत निरंकारी मिशन द्वा दो सैकडा सेवा दारो ने बौद्ध विहार तालाब पर स्वच्छता अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया हसनगंज ब्रांच के संचालक रविशंकर मौर्य ने सफाई करते हुए कहा निरंकारी मिशन एक आध्यात्मिक आंदोलन है जो एकता मे सद्भाव की विचारधारा का संदेश है मानवीय मूल्यों सहिष्णुता विनम्रता मे विस्वास करता है मिशन जात रंगपंथ मे विस्वास नही करता समाज के उत्थान मे काम करता है पिछले वर्षो मे मिशन ने स्वच्छता कार्यक्रम पर अपना प्रमुख प्रोजेक्ट अमृत के रुप मे लांन्च किया है संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से तीन वर्षो से लगातार हांसिल हुआ अमृत प्रोजेक्ट स्वच्छ जल ।स्वच्छ मन ।के तहत जल संरक्षण व समुद्री तटो ।नदी ।झीलो ।कुंए। तालाबों ।झरनो ।जैसे जल निकायों की सफाई करता है यह परियोजना बहुत सफल व समाज के सभी क्षेत्रों मे अत्यधिक सराहना की गई है मिशन ने आध्यात्मिक गतिविधियों को जारी रखा गया है निरंकारी मिशन की प्रमुख सतगुरू माता सुदीक्षा महराज आज पूरे भारत मे जल निकायों का प्रोजेक्ट अमृत सफल चरण को जारी रखने का निर्णय लिया गया है इस मौके डा0 छेदीलाल सिह ।अमित सिह ।ररामजी एडवोकेट राजेंद्र ।मुकेश पाल। मंशाराम ।राममोहन वर्मा। उमा ।रीता सिह। सहित सैकड़ों निरंकारी अनुयायी मौजूद रहे।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट से टेंट कर्मी झुलसा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव आसीवन थाना क्षेत्र में रविवार की दोपहर मांगलिक कार्यक्रम में टेंट लगा रहा श्रमिक ऊपर से गुजरी हाई टेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से झुलस गया साथ गए अन्य श्रमिकों ने गभींर हालत में इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया। थाना क्षेत्र के सकत पुर गांव निवासी संजय पुत्र नीरज 18 रविवार साले नगर गांव में शादी समारोह में टेंट लगा रहा था ऊपर से गुजरी ग्यारह हजार विद्युत लाइन में लोहे का पाइप छू गया जिससे वह विद्युत करेंट की चपेट में आकर झुलस गया जिस साथी अनिल मौर्य ने मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया है।

## पुत्री का जन्मदिन मनाने ससुराल गए युवक के साथ मारपीट

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। पुत्री का जन्मदिन मनाने ससुराल गए युवक की कथित रूप से पत्नी और ससुराली जनों ने पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पीआरवी ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के जगदीश खेड़ा निवासी भगवानदीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका भतीजा अमित कुमार पुत्र कामता प्रसाद शनिवार को अपनी पुत्री आराध्या का जन्मदिन मनाने देवगनमऊ स्थित ससुराल गया था। आरोप है कि वहां पत्नी ज्योति रावत और उसके परिजनों ने अमित की जमकर पिटाई कर दी। किसी तरह अमित ने पीआरवी को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने उसे सीएचसी सफीपुर में भर्ती कराया। फिलहाल उसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। वहीं दूसरे पक्ष से पत्नी ज्योति रावत ने भी तहरीर देकर आरोप लगाया कि पति अमित कुमार ससुराल पहुंचकर उसके साथ मारपीट करने लगे और बीच-बचाव करने आए परिजनों को भी पीटा ।अमित कुमार के अनुसार वह एलआईसी एजेंट के रूप में कार्य करता है और वर्ष 2017 में उसका विवाह देवगनमऊ निवासी ज्योति रावत से हुआ था। उसने बताया कि कम आय के बावजूद पत्नी की पढ़ाई पूरी कराई, जिसके बाद वर्ष 2019 में ज्योति का शिक्षक पद पर चयन हो गया। आरोप है कि नौकरी लगने के बाद पत्नी के व्यवहार में बदलाव आ गया और वह पुत्री आराध्या के साथ मायके में रहने लगी। तीन वर्ष पूर्व पत्नी ने तलाक का मुकदमा दायर किया, जबकि अमित ने भी विदाई की मांग को लेकर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। दोनों पक्षों के मामले न्यायालय में लंबित हैं। एसओ एसएन त्रिपाठी ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ई रिक्शा डिवाइडर पर चढ़ा बाल बाल बचा चालक

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया। चालक की अचानक तबीयत बिगड़ने से यह हादसा हुआ। पास खड़े एक व्यक्ति ने तुरंत मदद कर बुजुर्ग चालक को सुरक्षित बाहर निकाला और रिक्शा को किनारे किया। यह घटना रविवार शाम करीब चार बजे हरदोई-उन्नाव मार्ग स्थित नानामऊ तिराहे के निकट हुई। ई-रिक्शा कोतवाली की ओर जा रहा था तभी चालक को अचानक झटके आने लगे और वह नियंत्रण खो बैठा, जिससे रिक्शा डिवाइडर पर जा चढ़ा। ई-रिक्शा में चालक को तड़पता देख, वहीं के निवासी दिलीप यादव ने तत्काल दौड़कर उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। उन्होंने रिक्शा को सड़क के किनारे हटवाया और तुरंत चालक के परिजनों को सूचना दी। जानकारी के अनुसार, ई-रिक्शा चालक की पहचान बांगरमऊ नगर के कस्बा मोहल्ला पुरबिया टोला निवासी मल्हू पुत्र मोहम्मद रज्जाक के रूप में हुई है। मल्हू ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। इस घटना के दौरान आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। दिलीप यादव की त्वरित कार्रवाई से एक संभावित बड़ी दुर्घटना टल गई और चालक को समय पर मदद मिल पाई।

## सड़क हादसे में कार सवार चालक की मौत, भाई बहन घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में रविवार भोर पहर कानपुर-लखनऊ हाईवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि कार सवार भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी भेजा, जहां चिकित्सकों ने चालक को मृत घोषित कर दिया। घायल भाई-बहन को प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर कर दिया गया ।हादसा पक्षी विहार के पास उस समय हुआ, जब आगे चल रहे अज्ञात वाहन में कार पीछे से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पीछे से आ रहा एक ट्रक भी कार में घुस गया। इससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए ।कार में सवार



राधेश्याम (30) पुत्र चरित्रप्रकाश, उसकी बहन अनुष्का (22) तथा चालक ओमकार यादव (26) पुत्र रामसेवक निवासी इंद्रानगर थाना गाजीपुर, लखनऊ गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे चौकी पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त कार को कटवाकर घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस से नवाबगंज सीएचसी भेजा ।सीएचसी में चिकित्सकों ने चालक ओमकार यादव को मृत घोषित कर दिया। वहीं राधेश्याम और अनुष्का की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## नशे की हालत में चारपाई पर गिरा युवक, नाक पर चोट लगने से मौत

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हिम्मत खेड़ा में शनिवार की रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया। यहाँ के निवासी 40 वर्षीय राजू पुत्र मूलचंद की नशे की हालत में चारपाई पर गिरने से चोट लग गई और अत्यधिक खून बह जाने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### घटना का विवरण

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हिम्मत खेड़ा निवासी राजू (40) शनिवार/रविवार की रात गांव के ही शिशुपाल की अर्ध-निर्मित दुकानों में सोने के लिए गया था। राजू अक्सर वहीं सोया करता था। बताया जा रहा है कि राजू उस वक्त अत्यधिक नशे की हालत में था। जैसे ही वह चारपाई के पास पहुंचा, वह अनियंत्रित होकर औंधे मुंह चारपाई पर गिर पड़ा। गिरने के दौरान राजू का चेहरा चारपाई की पाटी (लकड़ी) से टकरा गया, जिससे उसकी नाक पर गंभीर चोट आई ।नशा अधिक होने के कारण राजू स्वयं को संभाल नहीं पाया और चारपाई से उठ नहीं सका। नाक से लगातार खून बहने (रक्तस्त्राव) के कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सुबह घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

### अकेला रहता था मृतक

मृतक राजू के पारिवारिक जीवन की स्थिति काफी संघर्षपूर्ण थी। बताया गया कि राजू की पत्नी दुर्गा करीब 20 साल पहले उसे छोड़कर चली गई थी। राजू की कोई संतान नहीं थी। वह घर में अपनी वृद्ध मां रामप्यारी के साथ रहता था। उसके दो बड़े भाई दयाशंकर और संजय लुधियाना में मजदूरी करते हैं, जबकि चारों बहनों की शादी हो चुकी है।

### पुलिस कार्रवाई:

मृतक की मां रामप्यारी की सूचना पर औरास थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी, फिलहाल अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## पड़ोसी ने पड़ोसी को लाठी डंडों से जमकर पीटा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव कुलहा में पिता पुत्र व बहू ने मिलकर पड़ोसी की जमकर पिटाई कर दी जिससे उसका सर फट गया पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। नारायण मिश्रा पुत्र हरिशंकर ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि रविवार सुबह घर से निकल रहा था तभी पड़ोसी धीरज मिश्रा व उनके पिता प्रभा शंकर तथा धीरज की पत्नी अनुराधा ने योजना बद्ध तरीके से उनके साथ मारपीट की। सिर में लोहे की रॉड लग जाने से सिर फट गया। थाना अध्यक्ष राजपाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। डॉक्टरी परीक्षण की रिपोर्ट आने पर धारा में बढ़ोतरी की जाएगी।

## सम्पादकीय

# सिर्फ जरूरतमंदों को ही मिले सरकारी मदद

देश में बढ़ते "फ्रीबीज कल्चर" पर एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए राज्य सरकारों को स्पष्ट संदेश दिया है कि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तव में गरीब और वंचित तबकों तक ही सीमित होना चाहिए। शीर्ष अदालत की यह टिप्पणी भले नई न हो, लेकिन इसके निहितार्थ बेहद गंभीर हैं। जब कल्याणकारी योजनाएं राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का औजार बन जाएं और आर्थिक विवेक पीछे छुट जाए, तब राज्य के विकास पर दीर्घकालिक असर पड़ना तय है। अदालत ने यह टिप्पणी उस याचिका की सुनवाई के दौरान की, जिसमें आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना सभी उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली देने का प्रस्ताव दिया गया था। प्रश्न यह नहीं है कि गरीबों की मदद की जाए या नहीं, निस्संदेह की जानी चाहिए। प्रश्न यह है कि क्या बिना किसी भेद के, भुगतान करने में सक्षम लोगों को भी मुफ्त सुविधाएं देना न्यायसंगत और आर्थिक रूप से टिकाऊ है? कल्याण और तुष्टीकरण के बीच की रेखा बहुत पतली होती है और उसे पहचानना सरकारों की जिम्मेदारी है। भारत जैसे विकासशील देश में संसाधन सीमित हैं। अधिकांश राज्य पहले से ही राजस्व घाटे से जूझ रहे हैं। ऐसे में यदि सरकारों का बड़ा हिस्सा कर्मचारियों के वेतन और मुफ्त राशन/बिजली जैसी योजनाओं पर ही खर्च हो जाए, तो बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सृजन जैसी प्राथमिकताएं पीछे छूट जाती हैं। अदालत की यह चिंता वाजिब है कि विकास परियोजनाएं अधूरी पड़ी हैं, जबकि चुनावी मौसम में नई-नई घोषणाएं हो जाती हैं। अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता को दांव पर लगाना दूरदर्शिता नहीं कहा जा सकता। लोकलुभावन वादों का आकर्षण हर लोकतंत्र में रहता है। चुनाव के आसपास मुफ्त योजनाओं की बाढ़ आना भी कोई अनोखी बात नहीं, लेकिन क्या यह स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा है? यदि नागरिकों को यह संदेश जाए कि राज्य हर जरूरत खाना, बिजली, गैस बिना शर्त उपलब्ध कराएगा तो काम और उद्यमिता के प्रति प्रेरणा पर भी असर पड़ सकता है। आत्मसम्मान और स्वावलंबन किसी भी समाज की बुनियाद होते हैं। सरकार का दायित्व अवसर पैदा करना है। रोजगार, कौशल विकास, उद्यम के लिए अनुकूल माहौल बनाना, न कि स्थायी निर्भरता की संस्कृति विकसित करना। यह भी सच है कि भारत में अभी भी बड़ी आबादी ऐसी है जो बिजली का बिल, रसोई गैस या जरूरी राशन का खर्च वहन करने में असमर्थ है। उनके लिए लक्षित और पारदर्शी सहायता अनिवार्य है। तकनीक और डेटा के इस युग में आय, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और जरूरत के आधार पर लाभार्थियों की पहचान करना संभव है। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर और आधार-लिंक्ड प्रणालियों ने यह क्षमता बढ़ाई है कि सहायता सही हाथों तक पहुंचे। ऐसे में सभी को मुफ्त की नीति प्रशासनिक सुविधा का बहाना तो हो सकती है, आर्थिक विवेक का नहीं। समस्या यह है कि एक बार मुफ्त योजना शुरू हो जाए तो उसे वापस लेना राजनीतिक रूप से बेहद कठिन हो जाता है। परिणामस्वरूप राजकोषीय बोझ बढ़ता जाता है और भविष्य की पीढ़ियों पर कर्ज का दबाव बढ़ता है। संतुलन ही समाधान है, न कठोर कटौती, न असीमित उदारता। सरकारों को लोकप्रियता से अधिक प्राथमिकता वित्तीय अनुशासन और समावेशी विकास को देनी होगी। तभी सरकारी मदद वास्तव में उन तक पहुंचेगी, जिन्हें उसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।



कूटनीति

अरविंद जयतिलक

# सामरिक संबंधों को धार देते भारत-फ्रांस

**फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो की भारत यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति की उपस्थिति में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग समेत कई अहम मुद्दों पर सहमति रेखांकित करता है कि दोनों देश संबंधों की ऊंची उड़ान भरने को तैयार हैं। दोनों देशों ने आतंकवाद के हर रूप-स्वरूप को जड़ से मिटाने की वकालत के साथ यूक्रेन, मध्य-पूर्व, और इंडो-पैसेफिक क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के परिप्रेक्ष्य में कंधा जोड़ने की प्रतिबद्धता जाहिर की है। दोनों देशों ने 21 अहम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें रिमोटली एच-125 हेलीकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन की शुरुआत बेहद महत्वपूर्ण है।**

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो की भारत यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति की उपस्थिति में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग समेत कई अहम मुद्दों पर सहमति रेखांकित करता है कि दोनों देश संबंधों की ऊंची उड़ान भरने को तैयार हैं। दोनों देशों ने आतंकवाद के हर रूप-स्वरूप को जड़ से मिटाने की वकालत के साथ यूक्रेन, मध्य-पूर्व, और इंडो-पैसेफिक क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के परिप्रेक्ष्य में कंधा जोड़ने की प्रतिबद्धता जाहिर की है। दोनों देशों ने 21 अहम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें रिमोटली एच-125 हेलीकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन की शुरुआत बेहद महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक में एच-125 हेलीकॉप्टर की फाइनल असेंबली लाइन शुरू की गई है।

एच-125 इतिहास का एकमात्र हेलीकॉप्टर है जो माउंट एवरेस्ट की चोटी पर उतर चुका है। ध्यान देना होगा कि 'मेड इन इंडिया' एच-125 हेलीकॉप्टर मात्र सिविल हेलीकॉप्टर नहीं है, बल्कि यह भारतीय सेनाओं की जरूरतें भी पूरी करेगा। इससे भारत की सामरिक रक्षा पंक्ति मजबूत होगी। इसके अलावा फ्रांस की साफरान और भारत की 'भारत इलेक्ट्रानिक लिमिटेड' मिलकर भारत में ही हैमर मिसाइल बनाएंगे। गौर करें तो दोनों देशों के बीच राफेल लड़ाकू विमानों से लेकर पनडुब्बियों तक रक्षा सहयोग का लगातार विस्तार हो रहा है। अभी गत वर्ष ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस यात्रा हुई थी, तब दोनों देशों के बीच डिफेंस, सिविल न्यूक्लियर एनर्जी और स्पेस सेक्टर में मिलकर काम करने पर सहमति बनी। दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी और टेक्नोलॉजी को नई धार देने के निमित्त एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) पर अलग से बयान जारी करते हुए वर्ष 2026 को 'इंडो-फ्रांस ईयर ऑफ इनोवेशन' घोषित किया। तब दोनों देशों ने स्कॉर्पीन सबमरीन निर्माण, मिसाइल हेलिकॉप्टर, जेट इंजन, एडवांस मॉड्यूल रिएक्टर, परमाणु उर्जा एवं शिक्षा के क्षेत्र में मिलकर काम करने के अलावा एकदूसरे को सहयोग करने का भरोसा दिया। मैक्रो की भारत यात्रा ने एक बार फिर रेखांकित किया है कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में दोनों देश विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों के जरिए एक-दूसरे का स्वर बनने को तैयार हैं। विगत कुछ वर्षों के दरम्यान दोनों देशों की सामरिक-आर्थिक क्षेत्र को ऐतिहासिक मजबूती मिली है। इस समय दोनों देश रणनीतिक साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। गत वर्ष पहले ही दोनों देशों के बीच डिफेंस स्पेस पार्टनरशिप, सैटेलाइट लांच के लिए नए स्पेस इंडियन लिमिटेड और एरियन स्पेस के बीच एमओयू हुए। टाटा और एयरबस स्थानीय कंपनी के साथ मिलकर 125 हेलीकॉप्टर बनाने पर सहमति बनी। गौर करें तो रक्षा सहयोग दोनों देशों के संबंधों का आधार है। याद होगा कि गत वर्ष पहले प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस को 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत का महत्वपूर्ण साझीदार बताते हुए सुनिश्चित किया था कि दोनों देश पनडुब्बी हो या नौसैनिक विमान, सभी क्षेत्र में मिलकर काम करने को तैयार हैं। तब दोनों देश 'भारत-फ्रांस हिंद-प्रशांत रोडमैप' जारी करते हुए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक संतुलित और स्थिर व्यवस्था बनाने पर सहमति जाहिर की थी। गौरतलब है



कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रीयूनियन द्वीप, न्यूकैलेडोनिया और फ्रेंच पोलिनेशिया जैसे क्षेत्रों में व्यापक उपस्थिति है। इस पहल से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती दादागिरी पर रोक लगेगी। दोनों देशों के बीच कितने मधुर संबंध हैं इसी से समझा जा सकता है कि फ्रांस प्रधानमंत्री मोदी को अपने देश का सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' से सम्मानित कर चुका है। याद होगा जब 1998 में भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था, तब उससे नाराज होकर दुनिया के ताकतवर मुल्क अमेरिका ने भारत पर प्रतिबंध थोपा था। तब फ्रांस ने भारत के साथ कंधा जोड़ते हुए रणनीतिक समझौते को व्यापक आयाम दिया। फ्रांस लगातार भारतीय सेना को लड़ाकू जेट व पनडुब्बियों समेत साजो-सामान की आपूर्ति कर रहा है। 2018 के बाद से फ्रांस भारत का दूसरा सबसे बड़ा रक्षा आपूर्तिकर्ता देश बन चुका है। मौजूदा समय में भारत अपनी कुल रक्षा आयात का तकरीबन 29 फीसदी फ्रांस से करता है।

दोनों देशों के बीच बढ़ती निकटता ने कारोबारी, रणनीतिक और सामरिक कुटनीति को नए क्षितिज पर पहुंचा दिया है। दोनों देश एक-दूसरे के सैनिक अड्डे का इस्तेमाल और वहां अपने युद्धपोत रखने के अलावा ऊर्जा, तस्करी, आव्रजन, शिक्षा, रेलवे, पर्यावरण, परमाणु, आतंकवाद और अंतरिक्ष मामलों में मिलकर काम कर रहे हैं। दोनों देशों के बीच यूपीआई को लेकर भी सहमति बन चुकी है। विगत 25 वर्षों के दरम्यान दोनों देशों के बीच साझेदारी और समझदारी का ही परिणाम है कि आज भारत में विदेशी निवेश के लिहाज से फ्रांस तीसरा सबसे बड़ा निवेशक देश बन चुका है। भारत में 1000 से अधिक फ्रांस की कंपनियां काम कर रही हैं और सभी कंपनियों का संयुक्त टर्नओवर तकरीबन 30 अरब डॉलर से अधिक है। विगत ढाई दशकों में भारत-फ्रांस संबंध को एक नया आयाम मिला है और दोनों देश राजनीतिक, आर्थिक व सामरिक संबंधों में बेहतरी के लिए गंभीर प्रयास किए हैं।

फ्रांस के नेतृत्व के दृष्टिकोण में बदलाव के साथ-साथ कुछ द्विपक्षीय बाध्यताओं ने भी दोनों देशों को एक-दूसरे के निकट लाया है। यह तथ्य है कि चीन युद्ध के बाद भारत न केवल महाशक्तियों अपितु अफ्रीका व एशियाई देशों से भी अलग-थलग पड़ गया था। भारत को एक ऐसे देश के प्रति आकृष्ट होना स्वाभाविक था जिससे उसका कोई क्षेत्रीय विवाद न रहा हो। इसके अलावा 1962 में भारत व फ्रांस के बीच क्षेत्रों के हस्तांतरण संबंधी संधि के अनुमोदन ने दोनों देशों के संबंधों में मिठास घोली। तथ्य यह भी कि फ्रांस सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारतीय प्रयास का समर्थन करने वाले प्रथम देशों में से एक था। वह आज भी अपने पुराने रुख पर कायम है। दरअसल, दोनों देशों के राजनीतिक नेतृत्व में कई द्विपक्षीय तथा अंतरराष्ट्रीय विषयों के संबंध में समान सोच है। हालांकि विदेश नीति के विरोधी अभिमुखन के कारण दोनों देशों ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति के मुद्दों पर कई बार विरोधी रुख भी अपनाए हैं। 1973 में फ्रांस के तत्कालीन अर्थव्यवस्था एवं वित्तमंत्री वेलेरी जिसकार्ड जो बाद में फ्रांस के राष्ट्रपति भी बने, की पहल पर 'भारत-फ्रांस अध्ययन समूह' की स्थापना हुई।

इस समूह की पहली बैठक फरवरी 1974 में फ्रांस में हुई तथा दूसरी बैठक मार्च 1975 में नई दिल्ली में हुई। इस समूह की सलाह पर दोनों देशों के मध्य समुद्री तेल उत्खनन, शक्ति उत्पादन व वितरण, कोयला उत्खनन व प्रयोग तथा तीसरे देश में संयुक्त उद्यम स्थापित करने संबंधित कई अहम समझौते पर हस्ताक्षर हुए। सबसे महत्वपूर्ण बात जो दोनों देशों के व्यापार में अहम है वह यह कि 1994 के बाद व्यापार संतुलन हमेशा भारत के पक्ष में बना हुआ है।

## विचार

सोनमणि बोरा



# माटीपुत्र पं. श्यामलाल चतुर्वेदी

पद्मश्री पं. श्यामलाल चतुर्वेदी पर कुछ कहना या लिखना अपनी माटी के प्रति एक ऋण के उतारने जैसा है। माटीपुत्र का अलंकरण ऐसे संत पुरुषों को शोभा देता है। उन्हें जब भी देखा, मन, वचन और कर्म से छत्तीसगढ़ की सेवा करते हुए पाया। एक पत्रकार के रूप में, एक साहित्यकार के रूप में, एक समाजसेवी चिंतक के रूप में पं. श्यामलाल चतुर्वेदी जी का नाम अविस्मरणीय है। बात तब की है, जब मैं बिलासपुर में प्रशासन की जिम्मेदारी संभाले हुए था। जाहिर तौर पर जब कलेक्टर था, जब जिले को आगे ले जाने वाली नीतियों को लागू कराने के लिए रोजाना सैकड़ों लोगों से मिलना होता था। पं. श्यामलाल चतुर्वेदी जी भी आते थे। एक साधारण से कदकाठी के व्यक्ति, हाथ में झोला लिए हुए, खादी और धोती कुर्ता पहने हुए चलते-फिरते ज्ञान और दूरदृष्टि का भंडार थे। उनसे जब भेंट होती, कुछ न कुछ कहानियां, कुछ न कुछ रोचक बातें होतीं। वे सुनाया करते। एक पत्रकार के तौर पर उनके पास सुनाने के लिए छत्तीसगढ़ के सृजन की कई कहानियां थीं। कई बार वे बताते कि अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री बिलासपुर आते, तो कैसे उन्हें वे और उनके साथी पत्रकार घेर लिया करते। बिलासपुर की जायज मांगों को कैसे पूरा करवाते। उनकी इस चर्चा में, उनके इस चिंतन में, उनके इन प्रश्नों में बिलासपुर के विकास का प्रश्न हमेशा रहता और फिर वे हमें सुझाव देते कि आपको नीतिगत फैसलों के क्रियान्वयन के लिए क्या करना चाहिए।



साहित्यकार और वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री पं. श्यामलाल चतुर्वेदी राष्ट्रपति भवन हुए समारोह में जब पद्मश्री अलंकरण से सम्मानित किया गया था, तो मुझे उनके साथ बिताए पल याद आ रहे थे। जब उन्हें राजभाषा आयोग का अध्यक्ष बनाया गया, तब एक मुलाकात हुई थी। वे राजभाषा आयोग के पहले अध्यक्ष थे। भेंट बिलासपुर में ही हुई थी, मैं किसी काम से गया हुआ था बिलासपुर। उन्होंने कहा- "बड़ी जिम्मेदारी मिली है। बहुत कुछ करना है। पता नहीं मैं कर पाऊंगा या नहीं। आप सबका साथ अविरल मिलता रहे, यही कामना है।" हम लोगों ने कहा कि हम तो हमेशा साथ हैं। उनके पुत्र चंद्रकांत और सूर्यकांत दोनों ने उनकी जो सेवा की है, वो अनुकरणीय है। ये उनके पारिवारिक संस्कारों का परिणाम है कि पुत्रधर्म के लिए कई-कई दिनों तक अपनी दिनचर्या का दोनों पुत्रों ने त्याग किया।

पं. श्यामलाल चतुर्वेदी का जन्म 1926 में बिलासपुर जिले के कोटमी गांव में हुआ था। मैंने सुना था कि उनकी कहानी संग्रह भोलवा भोलाराम काफ़ी चर्चित और लोकप्रिय थी। एक बार उसे सुनने का अवसर मिला था। वे छत्तीसगढ़ी के गीतकार भी रहे। उनकी रचनाओं में 'बेटी के बिदा' प्रसिद्ध है। उन्हें 'बेटी के बिदा' के कवि के रूप में लोग पहचानते हैं। बताया जाता है बचपन में मां के कारण उनका रुझान लेखन में हुआ। उनकी मां ने उन्हें सुन्दरलाल शर्मा की 'दानलीला' रटा दी थी।

उन्होंने पत्रकारिता और शिक्षा के क्षेत्र में भी अपनी मूल्यवान सेवाएं दी। वे मूलरूप से तत्कालीन अविभाजित बिलासपुर जिले के ग्राम कोटमी सोनार (वर्तमान में जिला जांजगीर-चांपा) के निवासी रहे, लेकिन साहित्यकार और पत्रकार के रूप में बिलासपुर उनकी कर्मभूमि रही। 1940-41 से पं. श्यामलाल चतुर्वेदी ने लेखन आरंभ किया। शुरूआत हिन्दी में की लेकिन 'विप्र' जी की प्रेरणा से छत्तीसगढ़ी में लेखन शुरू किया। चतुर्वेदी शिक्षक भी थे। श्यामलाल चतुर्वेदी करीब 75 वर्षों तक साहित्य साधना के जरिए हिंदी और छत्तीसगढ़ी साहित्य को समृद्ध बनाने की कोशिश करते रहे।

# जीवन का मार्गदर्शन करती है अंतःकरण की आवाज



संकलित

दर्शन

हमारे अंतःकरण की आवाज हमारी मुख्य मार्गदर्शक होती है। यही हमें सही और गलत में अंतर का आभास कराती है। मनोविज्ञान के अनुसार, जब किसी मनुष्य का कोई कार्य, विचार और अभिव्यक्ति नैतिक मूल्यों के विपरीत परिणाम देती है तो अंतर्मन की आवाज उस व्यक्ति में ग्लानि और पश्चाताप की भावना को जन्म देती है, लेकिन जब हमारे कार्य नैतिक मूल्यों के अनुरूप परिणाम देते हैं तो इससे मन भीतर से प्रसन्न होता है। आज के इस कोलाहल भरे समय में हम प्रायः अपने अंतःकरण की आवाज को सुन नहीं पाते या उसे सुनकर उस पर अपेक्षित मनन नहीं करते। यही कारण है कि हम अपने जीवन में भटकाव महसूस करते हैं। महात्मा गांधी तो अंतःकरण की आवाज को ही सर्वोच्च मानते थे। उनके कई निर्णयों का आधार ही अंतःकरण की आवाज थी। इसी कारण गांधीजी सत्य के साथ खड़े रहे। इसीलिए उनके द्वारा किए गए अधिकांश प्रयोग सफल रहे। जीवन में सदैव संतुष्ट एवं प्रसन्न रहने का सरल सा तरीका यही है कि हम अपने अंतःकरण की आवाज सुनें, क्योंकि हमारे अंदर से आने वाली आवाज प्रत्येक परिस्थिति में सही होती है। हम जब कभी भी कुछ गलती या बुरा आचरण कर रहे होते हैं, तब हम अपनी भूल को जानते हैं। हमें कुछ अटपटा सा लगता है। भीतर से आवाज आती है कि यह कार्य उचित नहीं है। यही हमारे अंतःकरण की आवाज होती है। यही आवाज हमें कुछ गलत करने से रोकती है। जब हम अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करते हैं तो अंतरात्मा से हमारा संपर्क कमजोर हो जाता है।

# ऐसे काम न करें, जिनसे समाज में गलत संदेश जाएं



संकलित

प्रेरणा

परमहंस जी अपने शिष्यों को नियमित रूप से उपदेश दिया करते थे। एक दिन जब वे उपदेश दे रहे थे, उस समय एक शिष्य ने उनसे पूछा कि आम लोग तो सभी सुख-सुविधाओं का लाभ उठाते हैं, लेकिन साधु-संतों के लिए इतने कठोर नियम क्यों हैं? परमहंस जी ने शिष्य से कहा कि हमें ऐसे काम करना चाहिए, जिनसे समाज को अच्छा संदेश मिलता है। ये बात साधु-संतों को खासतौर पर ध्यान रखनी चाहिए। आम लोग तो समाज में रहकर अनुशासन के साथ सभी काम कर सकते हैं, लेकिन साधु-संत को हर हाल में गलत कामों से दूर ही रहना चाहिए। साधु-संतों को धन का संग्रह नहीं करना चाहिए, सुख-सुविधा पाने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए, संत को क्रोध से भी बचना चाहिए। तभी वे समाज को अच्छा संदेश दे सकते हैं। शिष्य ने फिर पूछा कि साधु-संतों के लिए ही इतने कठिन नियम क्यों हैं? जबकि वे भी इसी समाज का हिस्सा हैं। परमहंस जी ने शिष्य को समझाया कि त्याग का संदेश साधु-संत नहीं देंगे तो और कौन दे सकता है। साधु-संत अपने ज्ञान और कर्म से समाज को श्रेष्ठ जीवन जीने की सीख देते हैं। साधु-संत हमें बताते हैं कि हमें किसी भी चीज का मोह नहीं रखना चाहिए, त्याग की भावना रखेंगे तो कभी दुखी नहीं होना पड़ेगा। परमहंस जी ने साधु-संतों के माध्यम से संदेश दिया है कि अगर हम घर-परिवार और समाज को बेहतर बनाना चाहते हैं तो हमें इसकी शुरुआत खुद से करनी चाहिए।

## शिव जयंती



इंदौर में गुरुवार को शिवाजी महाराज की 'शिव जयंती' पर छत्रपति शिवाजी महाराज के वेश में एक बालक।

## आज की पाती

### मोटापा सेहत का दुश्मन

हमारे देश के लोगों में मोटापा बढ़ता जा रहा है। इससे जानलेवा बीमारियों के बढ़ने का खतरा ज्यादा होता है। आज हमने अपनी जीवनशैली और खानपान की आदतों को बिगाड़ कर अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ करना शुरू कर दिया है। मोटापा भी कुदरत के विरुद्ध खानपान और जीवनशैली अपनाने से बढ़ता है। लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और हमारे देश की सरकारें, स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन बहुत से अभियान चलाते हैं। योग गुरु भी इसके लिए काम करते हैं, लेकिन हम उनकी बातों की तरफ ध्यान नहीं देते हैं और फिर गलत खानपान और जीवनशैली अपना कर अपना स्वास्थ्य खराब कर लेते हैं। कुछ लोगों ने अपने खानपान और जीवनशैली की आदत को बिगाड़ कर अपने स्वास्थ्य को खराब करने का काम किया है। *- ललित वाधवानी, भाटापारा*

## ट्रेंड

### एआई -सक्षम शासन

नई दिल्ली में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में राजस्थान के हमारे स्टार्टअप्स और डेटा-संचालित गवर्नेंस मॉडल को वैश्विक मंच मिल रहा है। दिग्गज कंपनियों के साथ हमारी टीम की चर्चा राज्य में एआई -सक्षम शासन और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर की नई राहें खोलेगी।

- भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान



### नौकरियों में पारदर्शिता

अगले कार्यकाल में हमारी सरकार केवल शिक्षा विभाग में ही 50,000+ युवाओं की नियुक्ति करेगी। सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता और गति का जो बड़ा बदलाव आया है, वह आगे भी जारी रहेगा।

- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम



### सांस्कृतिक असंवेदनशीलता

हमारे प्रधानमंत्री ने बंगाल की महान हस्तियों के प्रति अपनी सांस्कृतिक असंवेदनशीलता का प्रदर्शन किया है। आज श्री श्री रामकृष्ण परमहंसदेव का सम्मान करते हुए उनके नाम के आगे अभूतपूर्व और अनुचित उपसर्ग "स्वामी" जोड़ दिया!

- ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल



### किसान हितों की अनदेखी

अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील में भारत के कृषि क्षेत्र और ऊर्जा सुरक्षा/ रणनीतिक स्वतंत्रता से संबंधित व्यापार को शामिल करना साफ दर्शाता है कि केंद्र सरकार ने अमेरिका के दबाव में आकर अपने घुटने टेक दिए हैं। इसमें किसानों के दूरगामी हितों की अनदेखी की गई है।

- सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री



## करंट अफेयर

# सूडान की तबाही में 'नरसंहार के स्पष्ट संकेत' दिखे : संरा

संयुक्त राष्ट्र समर्थित मानवाधिकार विशेषज्ञों ने बृहस्पतिवार को कहा कि सूडान के पश्चिमी क्षेत्र दारफुर के एक शहर और उसके आसपास के इलाकों में गैर-अरब समुदायों के खिलाफ सूडानी विद्रोहियों द्वारा अक्टूबर में चलाए गए अभियान में नरसंहार के संकेत दिखाई देते हैं। यह देश में जारी विनाशकारी युद्ध को लेकर एक चौंकाने वाला निष्कर्ष है। सूडान पर एक स्वतंत्र तथ्यान्वेषी मिशन की रिपोर्ट के अनुसार, रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) ने अल-फशेर में 18 महीने की घेराबंदी के बाद बड़े पैमाने पर हत्याएं और अन्य अत्याचार किए।



## ऑफ बीट

# एआई का इस्तेमाल कब न करें, यह जानना भी जरूरी

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रशिक्षण में आमतौर पर इस बात पर जोर दिया जाता है कि बेहतर परिणाम कैसे हासिल किए जाएं—बेहतर प्रॉम्प्ट कैसे लिखें, प्रश्न को कैसे परिष्कृत करें और सामग्री को अधिक तेजी से कैसे तैयार करें। इस दृष्टिकोण के संदर्भ में एआई को केवल उत्पादकता बढ़ाने वाले औजार के रूप में देखा जाता है और सफलता को गति से मापा जाता है। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि यह सोच अधूरी है। आलोचनात्मक एआई साक्षरता अलग प्रश्न उठाती है। इसमें मैं इसका उपयोग कैसे करूं? के बजाय क्या मुझे इसका उपयोग करना भी चाहिए? और इसे तेज कैसे बनाऊं? के बजाय इस प्रक्रिया में मैं क्या खो रहा हूं? के बारे में जानना बेहद जरूरी है।



संक्षेप

## शादी में दूल्हे के पिता से छिनैती

### बाइक सवार बदमाशों ने रुपयों से भरा बैग छीना, पुलिस जांच में जुटी

अमेठी , एक शादी समारोह के दौरान दूल्हे के पिता से रुपयों से भरा बैग छीनकर बदमाश फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस टीम आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच कर रही है और जल्द ही मामले का खुलासा करने का दावा कर रही है। यह घटना अमेठी कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित अमर मैरिज लॉन के पास हुई। संग्रामपुर थाना क्षेत्र के तिवारीपुर करनाईपुर गांव के पूर्व शासकीय अधिवक्ता रंगनाथ मिश्रा के बेटे दीपक मिश्रा की बारात अमर मैरिज लॉन में आई थी। दीपक मिश्रा मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स में सांख्यिकी अधिकारी के पद पर तेलंगाना में तैनात हैं, जबकि दुल्हन निवेदिता ठेंगहा गांव की अंबिका तिवारी की बेटी हैं।गुरुवार करीब 10 बजे, ककवा रोड कटरा राजा हिम्मत सिंह से गाजे-बाजे के साथ बारात निकली और मैरिज लॉन की ओर बढ़ रही थी।इसी दौरान एक युवक मौके पर पहुंचा और दूल्हे के पिता रंगनाथ मिश्रा के हाथ में पकड़ा रुपयों से भरा बैग छीन लिया। वह कुछ दूरी पर बाइक पर बैठे अपने दो साथियों के साथ फरार हो गया।घटना होते ही रंगनाथ मिश्रा ने बदमाशों का कुछ दूर तक पीछा भी किया, लेकिन वे भागने में सफल रहे। तत्काल अमेठी कोतवाली पुलिस को मामले की जानकारी दी गई।सूचना पर सीओ समेत स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचा और जांच शुरू की। शुक्रवार सुबह पुलिस टीम द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि बदमाशों की पहचान की जा सके। अमेठी कोतवाली प्रभारी रवि सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है, लेकिन अभी तक कोई लिखित तहरीर नहीं मिली है।उन्होंने आश्वासन दिया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा। दूल्हे के पिता रंगनाथ मिश्रा ने बताया कि जब बारात निकली तो लोग नाच-गा रहे थे।इसी बीच एक युवक आया और उनके हाथ में रखा बैग छीनकर भाग गया।बैग में एक लाख रुपए थे।

## जर्जर पंचायत भवन पर अवैध कब्जा

### सरकारी भूमि पर हो रही खेती, अधिकारी बेखबर

अमेठी , विकासखंड जामो स्थित ग्राम पंचायत बघईया कमालपुर में एक जर्जर पंचायत भवन पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। सरकारी भूमि पर बने इस भवन की खाली पड़ी जमीन पर खेती की जा रही है। इस मामले में जिले के अधिकारी अभी तक मौन हैं, जो सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के योगी सरकार के निर्देशों के विपरीत है। यह पंचायत भवन बघईया कमालपुर के पूरे किसनाथ कमालपुर में काफी समय पहले निर्मित किया गया था। वर्तमान में यह भवन अत्यंत जर्जर स्थिति में है। स्थानीय निवासियों द्वारा इसे अपनी निजी संपत्ति मानकर इस पर खेती की जा रही है।सर्वेक्षण में पाया गया कि जर्जर भवन के भीतर ठेला, गोबर के कंडे और लहसुन जैसी फसलें उगाई जा रही हैं।

# भारत-नेपाल सीमा पर 41 ग्राम स्मैक बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रूपैडिहा, बहराइच। भारत नेपाल सीमा पर तैनात 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), के जवानों ने थाना रूपैडिहा पुलिस के साथ संयुक्त गश्त के दौरान भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र से 41 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (स्मैक) बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।एस एस बी 42वी वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 फरवरी 2026 की रात्रि सीमा स्तंभ संख्या 651/11 के पास (भारत की ओर करीब 50 मीटर अंदर) संयुक्त गश्ती दल ने निगरानी बढ़ा दी।इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति सीमा की ओर आता दिखाई दिया। जवानों ने उसे रोककर तलाशी ली, जिसमें उसके पास से काले पॉलिथीन में लिपटी 41 ग्राम स्मैक बरामद हुई। बरामद मादक पदार्थ की पुष्टि एसएसबी डॉग स्क्वॉड एवं ड्रग डिटेक्शन किट से की गई।गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान मीनू उर्फ अब्दुल रऊफ (32 वर्ष), पुत्र अब्दुल गफूर, निवासी कल्लन मोहल्ला, नानपारा, जनपद बहराइच (उ.प्र.) के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि स्मैक उसे नानपारा में किसी अज्ञात व्यक्ति से मिली थी और वह इसे भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर नेपालगंज (नेपाल) में किसी नेपाली व्यक्ति को बेचने की फिराक में था।गिरफ्तार अभियुक्त तथा बरामद स्मैक को अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए थाना रूपैडिहा, जनपद बहराइच को सुपुर्द कर दिया गया है। प्रारंभिक जांच में आरोपी के खिलाफ पूर्व में किसी समान अपराध में संलिप्तता की जानकारी नहीं मिली है।एसएसबी के अधिकारियों ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी एवं राष्ट्रविरोधी गतिविधियों की रोकथाम के लिए 42वीं वाहिनी द्वारा सतत निगरानी और प्रभावी अभियान जारी है।

# पदाधिकारियों सहित आम जनता से सुनी 'मन की बात'

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच।रविवार को नवाबगंज मंडल क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 131वां संस्करण उत्साहपूर्वक सुना गया।ग्राम प्रधान अतुल सिंह ने अपने स्थित आवास के बूथ संख्या 18 पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ इस कार्यक्रम को सुना।

कार्यक्रम पश्चात प्रधान अतुल सिंह ने कहा कि लोकप्रिय प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तुत विषय राष्ट्रहित, सामाजिक सरोकार और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई ऊर्जा देने वाले हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में भारत की तकनीकी प्रगति और सांस्कृतिक विरासत की वैश्विक पहचान को महत्व दिया है।प्रधानमंत्री ने एआई समिट में अमूल डेयरी सहायता सेवा और प्राचीन ग्रंथों के डिजिटल संरक्षण का उल्लेख करते हुए विश्व मंच पर भारत की तकनीकी क्षमता और सांस्कृतिक मजबूती दी।

कार्यक्रम के दौरान टी 20 क्रिकेट में भारतीय मूल के खिलाड़ियों द्वारा देश का मान बढ़ाने की चर्चा भी की गई, जिससे युवाओं को प्रेरणा लेने का संदेश मिला। मंडल अध्यक्ष बलवंत सिंह नें बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों में आत्मविश्वास और राष्ट्रगौरव की भावना को मजबूत मिलती है। कार्यक्रम में हरिश्चंद्र गुप्ता, पिंटू गुप्ता, अजीत सिंह, राधेश्याम गुप्ता, जगतपाल सिंह,कमलेश वर्मा, राजवंत सिंह आदि उपस्थिति रहे।

# चोरी के कई मामलों का खुलासा, दो शातिर गिरफ्तार

### मोटरसाइकिल, सिलेंडर, बैट्री सहित भारी मात्रा में सामान बरामद

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर/बहराइच। जनपद बहराइच के थाना फखरपुर पुलिस ने चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मोटरसाइकिल समेत अन्य चोरी का सामान बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर अशोक कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी कैसरगंज धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष संजीव चौहान के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई की।पुलिस के अनुसार मु0अ0सं0 38/26, 48/26, 53/26 व 57/26 से संबंधित चोरी के मामलों में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 01 मोटरसाइकिल, 02 गैस सिलेंडर, 02 बैट्री, 03 सीलिंग फैन, 01 इन्वर्टर, 01 टुल्लू पंप व 05 बर्तन बरामद हुए।गिरफ्तार अभियुक्तों में भूरे उर्फ नसीम नाऊ निवासी जिहुरा मरौचा थाना बौंडी तथा कमलेश यादव निवासी चाइन टेड़वा थाना हुजूरपुर शामिल हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को विधिक कार्रवाई पूरी कर न्यायालय भेज दिया है।पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अपराधियों के विरुद्ध सख्त अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# होली व रमजान को लेकर एसडीएम नानपारा द्वारा पीस कमेटी की बैठक

### शांति बनाए रखने की अपील

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। आगामी त्योहार होली और रमजान को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी की अध्यक्षता में थाना नवाबगंज, मटेरा व रूपईडीहा क्षेत्रों में पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्राधिकारी, संबंधित थानों के प्रभारी निरीक्षक, ग्राम प्रधान, धर्मगुरु तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि त्योहार हमारी सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं और इन्हें आपसी भाईचारे, सौहार्द व कानून-व्यवस्था के दायरे में रहकर मनाया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ संदेश या असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने ग्राम प्रधानों और धर्मगुरुओं से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें तथा सोशल मीडिया पर प्रसारित अप्रमाणित सूचनाओं पर ध्यान न दें।प्रशासन द्वारा संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और पुलिस बल पूरी तरह सतर्क रहेगा।बैठक में थानाध्यक्षों ने भी लोगों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या सूचना को तुरंत पुलिस तक पहुंचाएं। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने का संकल्प दोहराया।अंत में एसडीएम ने सभी से क्षेत्र में शांति बनाए रखने, परंपरागत तरीके से त्योहार मनाने तथा कोई नई परंपरा शुरू न करने की अपील की। तहसील प्रशासन ने आगामी त्योहारों को लेकर पूरी सतर्कता और प्रतिबद्धता जताई है।

# जिला पंचायत निधि से बन रही सड़क में अनियमितता, ग्रामीणों ने उठाई जांच की मांग

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच। जनपद के विकास खंड नवाबगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत रंजीतबोझा में जिला पंचायत निधि से कराए जा रहे खंडनजा सड़क निर्माण कार्य में अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए संबंधित अधिकारियों से मौके पर जांच कराए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। सड़क पर पीली ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है, जिसकी गुणवत्ता संदिग्ध बताई जा रही है। इसके अलावा, सड़क निर्माण से पहले आवश्यक रूप से मिट्टी डालकर समुचित समतलीकरण (लेवलिंग) कराने के बजाय केवल ट्रैक्टर से जुताई कराकर ही ईंटें बिछाई जा रही हैं।इससे सड़क की मजबूती और टिकाऊपन पर प्रश्नचिह्न लग रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह लापरवाहीपूर्ण ढंग से निर्माण कार्य कराया गया तो बरसात के मौसम में सड़क धंसने की आशंका बनी रहेगी, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग भी होगा और ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ेगी। ग्रामीणों ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से निर्माण स्थल का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित कराने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि जिला पंचायत निधि से कराए जा रहे विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

# सपा नेता ने फार्म-7 के दुरुपयोग पर प्रदर्शन किया

### अमेठी में बीजेपी-चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप, एसडीएम ने आरोपों को बताया निराधार

अमन लेखनी समाचार



अमेठी, भेटुआ ब्लाक अन्तर्गत ग्रामसभा मई उबार का पुरवा स्थित बूथ संख्या 247 और 248 पर फॉर्म 7 के कथित दुरुपयोग को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष सूबेदार यादव ने ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। सूबेदार यादव ने आरोप लगाया कि बड़े पैमाने पर अज्ञात नामों से फॉर्म 7 भरे जा रहे हैं। उनके अनुसार, बीजेपी के ब्लॉक अध्यक्ष और अन्य नेताओं के माध्यम से प्रिंटेड फॉर्म 7 बीएलओ को बांटे जा रहे हैं।इन फॉर्मों पर अज्ञात व्यक्तियों के हस्ताक्षर हैं और आवेदकों का पूरा पता या ईपिक नंबर भी दर्ज नहीं है। सपा नेता ने यह भी दावा किया कि बीजेपी नेता बीएलओ को फॉर्म 7 भरने की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए धमकी दे रहे हैं, अन्यथा गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि एसडीएम अमेठी से शिकायत के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।यादव ने आशंका जताई कि शासन-प्रशासन और चुनाव आयोग की मंशा ज्यादा से ज्यादा पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) वोट बूथों से काटने की है।उन्होंने मतदाता सूची में फॉर्म 7 के जरिए बड़े पैमाने पर फजीर्वाड़ा होने का आरोप लगाया। सूबेदार यादव ने मांग की कि नाम हटाने की प्रक्रिया केवल सरकारी बीएलओ के माध्यम से की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि किस बूथ पर किसके नाम से फॉर्म 7 जमा हुआ है, इसका पूरा ब्यौरा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

# 4.70 करोड़ की फर्जी बिलिंग में सीए समेत 4 गिरफ्तार

### अलीगढ़ में 70 लाख का जीएसटी घोटाला, बंद फर्म फर्जी तरीके से चालू किया

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ , साइबर क्राइम पुलिस ने करोड़ों रुपए की फर्जी बिलिंग से करोड़ों का चूना लगाने वाले बड़े गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस मामले में एक चार्टर्ड अकाउंटेंट समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक बंद पड़ी फर्मों को फर्जी तरीके से दोबारा एक्टिव कर करीब 70 लाख रुपए का इनपुट टैक्स क्रेडिट क्लेम कर लिया।एसपी क्राइम ममता कुरील ने पुलिस लाइन में पूरे मामले का खुलासा किया।

#### 70 लाख का नोटिस आया तो उड़े होश

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अब्दुल्ला अपार्टमेंट निवासी नीमा हुसैन आबेदी के नाम से ट/ जीएसटी फर्म थी। जीएसटी विभाग ने 2021 में ही फर्म को निरस्त कर दिया था।इसके बाद फर्म पर कोई कारोबार नहीं हुआ। इसके बाद उनके पास अक्टूबर 2025 में जीएसटी विभाग से करोड़ों की खरीदारी और 70 लाख की आईटीसी क्लेम के संबंध में नोटिस पहुंचा।

#### 30 अक्टूबर 2025 को दर्ज कराया मुकदमा

जीएसटी विभाग के नोटिस को देखकर नीमा हुसैन के होश उड़ गए। उन्होंने जीएसटी विभाग में जाकर मामले की जानकारी की। उन्हें पता चला कि फर्म चालू है और उस पर खरीदारी की गई है। इस मामले में पीड़िता ने 30 अक्टूबर 2025 को साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। जांच में पता चला कि फर्म को नई ईझमेल आईडी और फर्जी दस्तावेज से एक्टिव किया गया है।

#### कासगंज से चल रहा था खेल

इस मामले में एसएसपी नीरज कुमार जादौन ने एसपी क्राइम ममता कुरील के निर्देशन में रकळ टीम गठित की।जांच में सामने आया कि गिरोह ने रामबाबू और उसकी पत्नी शांति देवी के नाम पर रवि ट्रेडर्स और मॉडर्न ट्रेडर्स नाम की दो और फर्में बना रखी थीं। इन्हीं फर्मों से नीमा हुसैन की फर्म पर खरीदारी दिखाई गई।कासगंज का सीए निकला मास्टरमाइंडइस पूरे खेल का मास्टरमाइंड कासगंज का रहने वाला सीए सुनील कुमार निकला। सुनील ने फर्म को दोबारा एक्टिव करने के लिए दस्तावेज बदल दिए। उसने फर्म में अपनी ईझमेल आईडी का इस्तेमाल और मोबाइल नंबर का इस्तेमाल किया।

इससे कारोबार से संबंधित ओटीपी सीए के पास ही आने लगे।ईझमेल और मोबाइल नंबर बदलने से सारा कंट्रोल सीए के पास ही रहा।

# पति-पत्नी के 20 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को हुए राजी

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं नीतू सिंह वामा सारथी जनपदीय अध्यक्षा की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केन्द्र एवं थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त परिवार परामर्श केन्द्र एवं महिला थाना से 05-05, थाना बांगरमऊ से 04, थाना बारासगवर, थाना दही व थाना सोहरामऊ से 02-02, जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में प्रभारी परिवार परामर्श समिति डा0 आशीष श्रीवास्तव राजेन्द्र सिंह सेंगर, डा0 एस.के. पाण्डेय, संजय चौरसिया, डा0 मनीष सिंह सेंगर, डा0 अबसार अली, डा0 सगीर अहमद, सहयोगी अंकित रघुवंशी, डा0 सुषमा सिंह, डा0 रूपेष कुमार तथा पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक महिला हेल्पडेस्क संतोष कुमारी सिंह, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह एवं महिला हेल्पडेस्क पुलिस टीम से सुहावना तोमर, सेविका, दीपा सिंह, पूनम शाक्य, रंजना कुमारी, सीता यादव, तरुन रानी अंशू रानी चिंतन का विशेष योगदान रहा।

# सिंचाई विभाग के कर्मी के घर से लाखों की चोरी

### 10 लाख रुपए का सामान गायब, पुलिस जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , नगर थाना क्षेत्र में सिंचाई विभाग के एक कर्मचारी के बंद घर से लगभग 10 लाख रुपये की चोरी का मामला सामने आया है। यह घटना करीब एक माह पहले हुई थी, जिसकी रिपोर्ट अब पीड़ित द्वारा दर्ज कराई गई है न्यू बेहसा, निवासी सुरेश कुमार सिंह प्रतापगढ़ में सिंचाई विभाग में कार्यरत हैं।उन्होंने बताया कि पिछले महीने वह अपने परिवार के साथ पैतृक गांव प्रतापगढ़ गए थे, जिसके कारण घर बंद था। सुरेश के अनुसार, 13 जनवरी की रात करीब 11 बजे उनके पड़ोसी ने घर का ताला टूटा हुआ देखा।उन्होंने तत्काल सुरेश और डायल 112 पर इसकी सूचना दी।पुलिस मौके पर पहुंची और कमरों में हुई चोरी का वीडियो बनाकर वापस चली गई। अगले दिन, 14 जनवरी की सुबह जब सुरेश अपने घर पहुंचे, तो स्थिति देखकर हैरान रह गए। चोरों ने मुख्य गेट से लेकर अंदर के दरवाजों तक की इंटरलॉकिंग तोड़ दी थी। अलमारी, तिजोरी और कबर्ड के ताले भी टूटे हुए थे। चोर एक लाख रुपये नकद और लगभग 10 लाख 20 हजार रुपये के आभूषण ले गए। घर में लगा सीसीटीवी का डीवीआर भी गायब था। सरोजनी नगर पुलिस ने बताया कि पीड़ित द्वारा ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई है।इस शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है

# लालगंज-जलेसरगंज मार्ग बदहाल, दो साल से जलभराव

### गहरे गड्ढों से हादसे, स्कूल बच्चों को खतरा, पीडब्ल्यूडी की अनदेखी

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , लालगंज क्षेत्र में गड्ढा मुक्त सड़कों के सरकारी दावों के विपरीत जलेसरगंज मार्ग की स्थिति अत्यंत खराब है।पिछले दो वर्षों से इस मार्ग पर लगातार जलभराव और गहरे गड्ढे बने हुए हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं।स्थानीय लोग इस समस्या से त्रस्त हैं, लेकिन लोक निर्माण विभाग द्वारा कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। लालगंज नगर पंचायत क्षेत्र को जलेसरगंज से जोड़ने वाला यह मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। शीतलमऊ वार्ड के पास पिछले दो वर्षों से लगातार जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई है। बारिश हो या सामान्य दिन, सड़क पर गंदा पानी भरा रहता है।इसी मार्ग पर दो बड़े स्कूल भी स्थित हैं, जहां से प्रतिदिन हजारों बच्चों का आना-जाना होता है। सड़क पर गहरे गड्ढों में भरा पानी बच्चों, बुजुर्गों और वाहन चालकों के लिए बड़ा खतरा बन गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोपहिया वाहन अक्सर फिसल जाते हैं, चारपहिया वाहन खराब हो जाते हैं, और पैदल चलना भी दूभर हो गया है। कई बार लोग गिरकर चोटिल हो चुके हैं। जलभराव के कारण बदबू और मच्छरों की समस्या से आसपास के निवासियों का जीवन भी प्रभावित हो रहा है।वार्डवासियों का कहना है कि उन्होंने लोक निर्माण विभाग, जिलाधिकारी कार्यालय और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर सैकड़ों बार शिकायतें दर्ज कराई हैं, लेकिन आज तक इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका है। जलनिकासी की उचित व्यवस्था के अभाव में सड़क तालाब में तब्दील हो चुकी है।स्थानीय निवासी कुलदीप विक्रम सिंह ने बताया कि दो वर्षों से समस्या जस की तस है और केवल आश्वासन ही मिलते हैं।

## संक्षेप

### दिल्ली पुलिस के सिपाही ने की आत्महत्या

**बागपत में मां ने शराब पीने से किया मना, विवाद के बाद पड़ोसी के घर में जाकर सिर में मारी गोली**

बागपत, आजमपुर मुलसम गांव में दिल्ली पुलिस के एक सिपाही पीयूष (28) ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह घटना शराब पीने से मना करने पर अपनी मां के साथ हुए विवाद के बाद हुई। पीयूष ने पड़ोस के एक व्यक्ति के मकान में जाकर अपने सिर में गोली मार ली। गोली लगने के बाद स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीयूष दिल्ली पुलिस में पिछले 9 वर्षों से कार्यरत था। वह अपने पिता की मृत्यु के बाद मृतक आश्रित कोटे से पुलिस बल में भर्ती हुआ था। परिवार में वह सबसे छोटा था, उसकी तीन विवाहित बहनें हैं और एक भाई विदेश में नौकरी करता है। परिवार के कुछ सदस्य चंडीगढ़ में भी रहते हैं। दोघट थाना प्रभारी सूर्य दीप ने बताया कि मां-बेटे के बीच हुए विवाद के बाद पीयूष ने यह कदम उठाया। पुलिस अधिकारी फिलहाल पूरे मामले की गहन जांच में जुटे हैं।

### युवती ने दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाया

**एसपी कार्यालय में शिकायत, चांदीनगर थाना क्षेत्र का मामला**

बागपत , चांदीनगर थाना क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर गांव के दो युवकों पर दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग और धमकी देने के आरोप लगाए हैं। युवती ने शिकायती पत्र देकर मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। सात माह से धमकी व शोषण का आरोप पीड़िता के अनुसार, पिछले करीब सात महीनों से आरोपी उसे लगातार धमका रहे थे। उसने आरोप लगाया कि एक युवक उसे जबरन बुलाकर गलत कार्य करता था और विरोध करने पर मारपीट भी करता था। आपत्तिजनक वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप युवती का कहना है कि आरोपियों ने उसका आपत्तिजनक वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया। साथ ही, कथित रूप से जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। डर के कारण युवती ने घर से लगभग 1 लाख 65 हजार रुपये नकद और सोने के कुंडल आरोपियों को दे दिए। पहले दर्ज हुई थी सामान्य रिपोर्ट युवती ने बताया कि पहले थाने में शिकायत दी गई थी, लेकिन उस समय केवल आभूषण चोरी की सामान्य रिपोर्ट दर्ज की गई। अब उसने निष्पक्ष जांच की मांग की है। चांदीनगर कोतवाली पुलिस ने शुरू की जांचकोतवाली प्रभारी अतर सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो चुकी है। मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### बागपत में मजदूर ने लगाई फांसी

**मृतक की पत्नी ने ठेकेदार समेत चार पर आरोप, पुलिस जांच में जुटी**

बागपत , कोतवाली क्षेत्र के निरोजपुर रोड स्थित एक ईंट भट्टे पर बृहस्पतिवार देर रात एक मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सरकारी अफसर की अंडरवियर लाने की ड्यूटी लगाई

## प्रयागराज में 'शाही' प्रोटोकॉल का चार्ट बनाया, 50 अफसरों को जिम्मेदारी

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, बीएसएनएल के एक 'साहब' का शाही प्रोटोकॉल चर्चा का विषय बन गया। उनके प्रस्तावित दौरे के लिए 50 अफसरों की ड्यूटी लगाई गई। बाकायदा चार्ट बनाकर सभी को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। अफसर के ब्रेकफास्ट, लंच से लेकर अंडरवियर तक अरेंज करने की जिम्मेदारी तय कर दी गई। इसी बीच प्रोटोकॉल सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जैसी ही किरकिरी मची तो आनन-फानन में एक दिन बाद ही आदेश कैंसिल कर दिया गया। बीएसएनएल के डायरेक्टर,कंज्यूमर फिक्स्ड एक्सेस) विवेक बंजल का प्रयागराज का दौरा प्रस्तावित है। दो दिन पहले इस संबंध में एक प्रोटोकॉल जारी हुआ। इसमें बताया गया कि डायरेक्टर 25 और 26 फरवरी को प्रयागराज दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह अफसरों संग मीटिंग करेंगे। साथ ही प्रयागराज में


विवेक बंजल, डायरेक्टर, BSNL

अलग-अलग जगहों और कौशाम्बी में जैन तीर्थस्थल पर भी जाएंगे।

**पीने के पानी से लेकर साबुन तेल तक की जिम्मेदारी**

डायरेक्टर के प्रस्तावित दौरे के लिए 50 अफसरों की कमेटियां बनाकर ड्यूटी लगाई गई। सबकी अलग-अलग जिम्मेदारियां तय हुईं। इन्हीं में से एक कमेटी को विभिन्न प्रकार की किट की खरीदारी और पैकिंग की भी जिम्मेदारी दी गई। इनमें से एक किट में वाटर बॉटल, चॉकेलेट, चिप्स, फ्रूट जूस, ग्लास, नैपकिन। जबकि एक अन्य किट में तौलिए, अंडरवियर, शीशा-कंघी, साबुन-शैंपू, तेल व स्लीपर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। यह प्रोटोकॉल प्रयागराज बिजनेस एरिया के जीएम ऑफिस में तैनात डीजीएम की ओर से जारी किया गया। सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों से रिक्वेस्ट है कि वे तय विजिट को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए एक्टिव रूप से हिस्सा लें। कोशिश करें और योगदान दें। नीचे दिए गए कमिटी को उनके नाम के आगे लिखे काम को समय पर पूरा करने के लिए नॉमिनेट किया गया है।अगले ही दिन निरस्त हुआ ऑर्डरप्रोटोकॉल जारी होने के अगले ही दिन इसे किसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। साथ ही इसे शाही इंतजाम बताते हुए आलोचना भी की। कई यूजर ने इसे लेकर तरह-तरह के कमेंट भी किए। इसके बाद शुक्रवार को ही अचानक डीजीएम की ओर से ऑफिस ऑर्डर जारी कर दिया गया। इसमें बताया गया कि प्रस्तावित दौरे को लेकर पूर्व मे जारी ऑर्डर तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है।

# पीएसी से हटाए गए सिपाही का शव कमरे में मिला

## प्रयागराज के नैनी में 10 दिन से सड़ रही थी, कीड़े लगे थे; डॉग स्क्वॉड टीम पहुंची

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , नैनी चक हीरानंद मोहल्ले में रविवार को एक मकान के कमरे में पीएसी से हटाए गए सिपाही की सड़ी हुई लाश कमरे में जमीन पर पड़ी मिली। लाश पर कीड़े चल रहे थे। आस पड़ोस के लोगों गली में दुर्गंध आने पर मृतक के भाई को सूचना दी। लाश करीब 10 दिन पुरानी बताई जा रही है। इसके बाद भाई भी मौके पर पहुंच गया। डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पुलिस और डॉग स्क्वॉड टीम ने पहुंचकर जांच-पड़ताल की। पुलिस के मुताबिक जिस कमरे में लाश मिली वह कमरा अंदर से खुला हुआ था। शव नीचे जमीन पर पड़ा हुआ था। उस पर कीड़े चल रहे थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। 15 दिन पहले पड़ोसियों ने फोन पर था बतायाबड़े भाई आशीष ने बताया- 15 दिन पहले पड़ोसियों ने फोन पर बताया था कि आपके मकान का दरवाजा खुला हुआ है। मैंने कहा-



हो सकता है गलती से कर दिया हो। अभी आ जाएगा। शनिवार को पड़ोसियों ने फिर बताया कि मकान से दुर्गंध आ रही है। आशीष ने बताया- मैं गुरुग्राम में नौकरी करता हूं। वहां से मैंने ट्रेन पकड़ी और नैनी पहुंचा। देखा मकान के कमरे का दरवाजा खुला था। जब अंदर गया था तो भाई की लाश जमीन पर पड़ी थी। अब जानिए पूरी घटनाक्रम बलिया के फिरोजपुर थाना नरही के रहने वाले अवनींद्र कुमार सिंह पीएसी बटालियन नैनी में कार्यरत थे। उनका परिवार भी यही नैनी में रहता था। 2011 में दरोगा की भर्ती के दौरान दौड़ के समय अवनींद्र कुमार सिंह की हार्ट अटैक आने से मौत हो गई थी। इसके बाद पिता की जगह पर बेटे आशीर्वाद सिंह उर्फ प्रिंस को कुक की नौकरी मिल गई थी। भाई आशीष ने बताया- वह नशे के कारण नौकरी पर ध्यान नहीं देता था। जिसके कारण पीएसी से अनुशासनहीनता के मामले में उसे हटा दिया गया था। इसके बाद वह सूरत में एक प्राइवेट कंपनी में सुरक्षाकर्मी के तौर पर काम कर रहा था। भाई ने बताया कि प्रिंस की आंख में कुछ समस्या थी जिसकी वजह से वह नौकरी छोड़कर सूरत से वापस नैनी आकर रह रहा था। हीरानंद मोहल्ले में वह कुछ दिन पहले ही आया था। पड़ोसियों के मुताबिक अक्सर शराब के नशे में रहता था।- एक बच्चे की मां से किया था लव मैरिज भाई आशीष ने बताया कि 2017 में भाई ने लव मैरिज भी किया था। कुछ दिनों तक दोनों साथ में रहे। बाद में वह लड़की अपने बच्चे को लेकर प्रिंस को छोड़कर कहीं चली गई।

जिसके बारे में कोई जानकारी नहीं है कि वह कहां गई। घरवाले इस शादी से राजी नहीं थे।

# तालाबंदी मकान से महिला की बाइक हुई चोरी

**शिकायत पर प्रशासन ने की छापेमारी बाइक बरामद**

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव रुरा निवासी महिला मीनू पत्नी राममिलन निषाद ने नजदीकी थाना चांदपुर में लिखित तहरीर देते हुए बताया कि उसके बंद मकान के अंदर से बाइक चोरी हो गई महिला दूसरे प्रांत सूरत में थी जहां घर पहुंचने पर देखा कि घर के अंदर खड़ी मोटरसाइकिल तथा तखत इत्यादि समान गायब है काफी खोजबीन की जहां गुप्त रूप से सूचना मिली की महिला की बाइक गांव की कोटेदार रतिराम के घर में खड़ी है यह जानकारी मिलते ही महिला ने तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना दी जहां सूचना पाकर थाना प्रभारी विनोद कुमार पटेल ने सटीक स्थान पर छापेमारी की जहां वास्तव में कोटेदार के घर दो मोटरसाइकिल बरामद हुए इसमें जानकारी करते हुए प्रशासन ने जानकारी की जहां एक बाइक पीड़ित महिला के पति के नाम से दिखाई दी जिसे महिला को सौंप दिया वहीं दूसरी मोटरसाइकिल की जांच चल रही है कुछ ग्रामीणों के अनुसार महिला तथा कोटेदार के बीच



काफी दिनों से आंतरिक मतभेद चल रहा था परंतु महिला का मानना है उसके बंद मकान से मोटरसाइकिल बाहर कैसे निकली थाना प्रभारी विनोद कुमार पटेल ने बताया सभी तथ्यों की जांच चल रही है जल्द ही निष्पक्ष न्याय किया जाएगा

# ऑनलाइन व्यापार छोटे ग्राहकों के लिए बना कोढ़

## व्यापार मंडल के सदस्यों ने संसद को सौंपा ज्ञापन



अमन लखनी समाचार

फतेहपुर, देश में बढ़ते ऑनलाइन व्यापार से छोटे कारोबार में व्यापार में गहरा प्रभाव पड़ा इस अनियंत्रित ऑनलाइन प्रक्रिया के विस्तार ने समूचे देश के साथ-साथ उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल को गहरी क्षति पहुंचाई पीड़ित होकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के छोटे व्यापारी फुटकर कारोबारी दुकानदारों ने इस प्रक्रिया से निजात पाने के लिए संरक्षण हेतु सख्त कानून बनाए जाने की मांग उठाई पदाधिकारियों ने वर्तमान सांसद नरेश उत्तम पटेल के माध्यम से केंद्र सरकार को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन सौंपते हुए पदाधिकारियों ने बताया कि छोटे व्यापारी दुकानदार इस समस्या से रोड़ पर आ गए हैं ऑनलाइन मार्केटिंग के असंतुलित विस्तार के कारण कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है भारतीय उद्योग एवं राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री मुकुंद मिश्रा के निर्देशन में आत्मनिर्भर भारत तथा स्वदेशी व्यापार के संरक्षण हेतु लगातार प्रयास जारी है वहीं वर्तमान सांसद से व्यापारी दुकानदारों के लिए आयुष्मान योजना स्वास्थ्य बीमा आगजनी जैसी आपदाओं से राहत सहायता उपलब्ध कराने की भी मांग की गई इस मौके पर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मिश्रा अध्यक्ष बिंदाप्रसाद अग्रहरी महामंत्री दयाशंकर गुप्ता समेत सभी पदाधिकारी मौजूद रहे

# त्योहारों को चलते खाद्य विभाग ने की छापेमारी

**6 कुंतल रंगीन कचरी समेत 71 किलो सरसों का तेल जब्त**

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के जिलाधिकारी रवींद्र सिंह द्वारा प्रेक्षा गृह में की गई त्योहारों के तहत पीस कमेटी के बैठक के सापेक्ष खाद्य विभाग ने जगह-जगह छापेमारी प्रारंभ कर दी कल खाद्य विभाग की टीम ने जनपद के मलवां विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत सौंरा में स्थापित गीता फ्रूड प्रोडक्ट में रंगीन कचरी का नमूना भरा वही मौके से 6 कुंतल रंगीन कचरी जप्त की गई ठीक इसी प्रकार जनपद के खागा चौक में स्थापित एक दुकान से सरसों के तेल का नमूना भर गया वहीं 58 किलो सरसों का तेल विभाग ने जप्त किया जयपुरिया स्कूल के समीप स्थित दुकान में भी छापेमारी करते हुए विभाग ने जांच के लिए नमूना भर वही 13 किलो सरसों का तेल तेज किया खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश चंद्र ने बताया की जांच के लिए भरे गए सभी नमूनों को खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला भेजा जाएगा रिपोर्ट आने की पस्चात मानक अधिनियम 2006 के तहत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी अधिकारियों ने सभी दुकानदारों को



साफ सफाई मिलावट रहित सामग्री तथा खाद्य पदार्थों को ढक कर रखने की अपील की इस मौके पर छापेमारी में अन्य अधिकारी सिद्धार्थ कुमार नीरज कुमार दीक्षित अनुराधा कुशवाहा आदि शामिल रहे

# कफ सिरप तस्कर की करोड़ों की संपत्ति सीज

**मुख्य आरोपी की 1.97 करोड़ की संपत्ति सीज**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद , कमिश्नरेट पुलिस ने कफ सिरप की कालाबाजारी और तस्करी करने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में मुख्य आरोपी सौरव त्यागी की लगभग 1 करोड़ 97 लाख रुपये की अवैध संपत्ति जब्त कर ली गई है। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि पुलिस आयुक्त के निर्देश पर अपराध शाखा, स्वाट टीम, साइबर टीम और नंदग्राम थाना पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया था। इस दौरान, पिछले दिनों आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने चार ट्रकों से चूने के बोरों के बीच छिपाकर रखी गई 1150 पेटियों में कुल 15 लाख 73 हजार 500 शीशी कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद की थी। इसकी अनुमानित कीमत करीब 3 करोड़ 40 लाख रुपये थी। बरामदगी में एक क्रेटा कार, 20 लाख रुपये नकद, दो लैपटॉप, दस मोबाइल फोन, फर्जी सिम कार्ड, मुहर और अन्य दवाएं भी शामिल थीं। जांच में सामने आया कि सौरव त्यागी एनसीआर में कफ सिरप इकट्ठा कर विभिन्न राज्यों में उसकी तस्करी करता था। वह आर.एस. फार्मा फर्म के माध्यम से इस अवैध कारोबार को चला रहा था।आयकर रिटर्न के आधार पर, पिछले पांच वर्षों में सौरव त्यागी और उसकी पत्नी मोहिनी त्यागी की कुल वैध आय लगभग 59 लाख 78 हजार रुपये थी। हालांकि, वर्ष 2020 से 2025 के बीच दोनों के नाम पर 2 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति खरीदी गई थी। पुलिस जांच में



पाया गया कि इंदिरापुरम के अहिंसा खंड-1 स्थित राजहंस प्रीमियर अपार्टमेंट में एक फ्लैट, शक्ति खंड-2 स्थित कृष्णा अपरा डी-मॉल और एरोस मार्केट प्लेस में दुकानें, न्याय खंड-1 में एक और दुकान तथा चार कारें अवैध धन से खरीदी गई थीं।

डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने पुष्टि की कि एनडीपीएस एक्ट के तहत इन सभी संपत्तियों को जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने यह भी बताया कि अवैध नशे के कारोबार में लिप्त अन्य लोगों के खिलाफ भी आगे सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# भागवत जिस वंदे भारत से मेरठ पहुंचे, उस पर पथराव

## खिड़की का शीशा टूटा, स्टेशन पर सिक्योरिटी के बीच उतरे

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत जिस वंदे भारत एक्सप्रेस से मेरठ पहुंचे, उस पर हरदोई में पथराव किया गया। पत्थरबाजी से ट्रेन की एक खिड़की का शीशा टूट गया। घटना दोपहर करीब 3.20 बजे हुई, जब ट्रेन दिल्ली की ओर जा रही थी। संघ प्रमुख सुरक्षित हैं। ट्रेन पर पथराव किसने किया ? इसकी जांच हरदोई ऋफढ कर रही है। ऋफढ दो कारण मान रही है। पहला- बच्चे ट्रैक के पास क्रिकेट खेल रहे थे, बॉल लगने से ऐसा हुआ। दूसरा- शरारती बच्चे ने ट्रेन पर पत्थर फेंके होंगे। मोहन भागवत रात 9 बजे मेरठ स्टेशन पर सिक्योरिटी के बीच उतरे। वह शताब्दीनगर के माधवकुंज में ठहरे हैं। यहां वे 20 और 21 फरवरी को दो दिवसीय संवाद कार्यक्रम में शामिल 28 जिलों के प्रबुद्धजनों से बातचीत



करेंगे। साथ ही खिलाड़ियों से उनके सामाजिक अनुभवों को लेकर बातचीत भी कर सकते हैं। कोच उ4 में सवार थे मोहन भागवत वाराणसी से मेरठ तक चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस दोपहर में 1.50 बजे लखनऊ के प्लेट फार्म नंबर चार से मेरठ के लिए रवाना हुई। ट्रेन हरदोई में कोतवाली देहात के कौढ़ा गांव के पास बलोखर फाटक के पास पहुंची थी, तभी एक कोच की खिड़की पर जोरदार पत्थर आकर लगा। तेज आवाज के साथ शीशा चटक गया। ट्रेन स्टॉफ ने तत्काल कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली देहात पुलिस सबसे पहले मौके पर पहुंची। हालांकि ट्रेन वहां से गुजर चुकी थी। ऋफढ और फढऋ की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की गई है मेरठ की सुनीता बोलीं- सिक्योरिटी वालों ने भागवत का कोच चेंज कराया मेरठ में डिफेंस कॉलोनी की रहने वाली सुनीता भी उसी वंदे भारत एक्सप्रेस से बैठी थीं, जिसमें मोहन भागवत थे। सुनीता ने बताया, जब उन्हें पता चला कि उनकी ट्रेन में सरसंघचालक मोहन भागवत भी हैं तो वह उनसे मिलने गईं। भागवत ए1 कोच में बैठे थे। जब मैंने हाथ जोड़कर उन्हें नमस्ते किया तो उन्होंने भी हाथ जोड़कर रिप्लाई दिया। जिस कोच में मोहन भागवत थे, उससे एक कोच आगे उ4 पर पत्थर फेंका गया था। बाद में सिक्योरिटी ने मोहन बागवत का कोच चेंज करा दिया। उन्हें पुलिसवाले कहां ले गए, यह नहीं पता चला।अब मोहन भागवत का मेरठ प्रवास भी जानिएङ्खखिलाड़ियों के साथ बातचीत करेंगे मोहन भागवत क्रिकेटर भुवनेश्वर, सुरेश रैना, प्रवीण कुमार, अर्जुन अवार्डी अलका तोमर समेत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों से बात करेंगे। खिलाड़ियों से सामाजिक अनुभव जानेंगे।

# निक्की भाटी हत्याकांड, विपिन भाटी की जमानत खारिज

**21 अगस्त को निक्की की जलाकर की थी हत्या, तीन को मिल चुकी जमानत**

अमन लेखनी समाचार


निक्की, मृतक

नोएडा, सिरसा गांव में निक्की हत्याकांड मामले में आरोपी पति विपिन भाटी की जमानत याचिका जिला अदालत ने खारिज कर दी। निक्की भाटी के परिवार के वकील दिनेश कलसन और उधम सिंह तोंगड़ ने बताया कि 21 अगस्त 2025 की शाम पारिवारिक विवाद के दौरान आरोपी पति विपिन भाटी ने निक्की पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी थी। इलाज के दौरान निक्की की मौत हो गई थी।आरोप है कि विपिन ने थिनर (ज्वलनशील पदार्थ) डालकर निक्की की जलाकर हत्या की थी। इस मामले पुलिस मृतका की बहन कंचन ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। परिजन ने आरोप लगाया था कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने के साथ सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर ब्यूटी पार्लर का प्रचार करने पर निक्की और उसकी बहन को प्रताड़ित किया जाता था।

# निमार्णाधीन मकान की शटरिंग गिरी, एक की मौत

## दूसरे की हालत गंभीर, हादसे के समय काम रहे थे

अमन लेखनी समाचार

नोएडा , निर्माणधीन इमारत की शटरिंग गिर गई। इससे तफरी मच गई। दो मजदूर मलबे में दब गए। लोगों ने देखा तो फौरन निकालकर अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान एक की मौत हो गई। जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। उसका इलाज चल रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों से घटना की जानकारी ली। उसके बाद मामले की छानबीन में जुट गई। घटना थाना सेक्टर-113 की है। पुलिस के अनुसार- आज थाना सेक्टर-113 को डायल-112 के जरिए सूचना मिली कि सफार्बाद गांव में निमार्णाधीन मकान की शटरिंग गिर गई है। हादसे में दो मजदूर घायल हुए थे। उसमें से एक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। वही दूसरे की हालत गंभीर बनी है। घटना के समय दोनों वहां पर काम कर रहे थे। लोगों ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां एक की मौत हो गई।



# बीटेक छात्र ने 20वीं मंजिल से कूदकर की आत्महत्या

## सुसाइड नोट नहीं मिला, फोन घर पर छोड़ कर आया था

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा में बीटेक के एक छात्र ने पैरामाउंट गोल्फ फोरेस्ट सोसाइटी की 20वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान बागपत निवासी अर्जुन तोमर (23) के रूप में हुई है, जो मंगलमय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस कॉलेज में बीटेक अंतिम वर्ष का छात्र था। यह घटना दोपहर करीब ढाई बजे हुई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छात्र के पास मिले दस्तावेजों के आधार पर परिजनों को सूचित किया। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है और परिजनों की ओर से



कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि युवक सोसाइटी के स्टूडियो अपार्टमेंट में बिना सुरक्षा जांच के कैसे पहुंचा। सोसाइटी के गार्डों से पूछताछ की जा रही है, सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और सोसाइटी प्रबंधन से भी जानकारी ली जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।पुलिस के अनुसार, अर्जुन अपनी बाइक से सोसाइटी टॉवर पहुंचा था। उसने बाइक नीचे खड़ी की और लिफ्ट से 21वीं मंजिल पर गया।

## संक्षेप

### बदमाशों ने घर में घुसकर जड़ी बूटी विक्रेता को पीटा

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज, हरदोई।तिरपाल की झोपड़ी में जड़ी बूटी बेचने वाले के घर में अज्ञात बदमाशों ने धावा बोल दिया। घर में सो रहे पति-पत्नी को मारपीट कर लहू लुहान कर दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम रुदामऊ में ब्लॉक कार्यालय के सामने शनिवार कि रात जड़ी बूटियां बेच रहे छोटू 30 वर्ष पुत्र धर्म सिंह निवासी ग्राम जुलूपुर जनपद जालौन अपनी पत्नी सोनी 25 वर्ष के साथ रह रहे थे। पड़ोस में दूसरे तिरपाल की झोपड़ी में गुड्डू व उसकी पत्नी हिना निवासी नगर पंचायत आटा जिला जालौन भी रह रहे थे। हिना ने बताया कि रात मे छोटू की झोपडी मे अज्ञात 5 लोग घुसकर मारपीट करने लगे। मार पीट मे छोटू व उसकी पत्नी सोनी गंभीर रूप से घायल हो गए। साथ ही हिना की एक वर्षीय पुत्री पूजा भी घायल हो गई। गुड्डू व उसकी पत्नी हिना जान बचाकर पेट्रोल पंप की तरफ शोर मचाया। पम्प पर मौजूद लोगो ने ललकारा तो बदमाश भाग गए। हिना के बताया कि झोपड़ी मे रखी नकदी व चांदी के जेवर उठा ले गए। नगद राशि व जेवर की मात्रा वह नहीं बता सकी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना का निरीक्षण किया। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मेडिकल कालेज रिफर कर दिया।

### भारत भ्रमण कर रहे पोलेंड के मथ्यू मल्लावां से लखनऊ रवाना

अमन लेखनी समाचार

मल्लावां (हरदोई ) पोलेंड से भारत भ्रमण की पैदल यात्रा कर रहे मेथयू शुक्रवार को शाम मल्लावां पहुंचे जहां पर पुलिस ने रिसीव कर होटल में ठेराया। एक साल तीन महीने से भारत की यात्रा कर रहे पोलेंड के मेथयू ने यात्रा के पीछे की जिज्ञासा बताते हुए कहा उनका पोलेंड में रोड एक्सीडेंट हो गया था। तब पोलेंड के किसी भी मित्र ने उसकी सहायता नहीं की थी। भारत और नेपाल देश के उसके मित्रों ने जो साथ में काम करते थे, उसकी मदद की और हॉस्पिटल में रोज उसका हाल चाल लेते थे। तब से उन्होंने मन में ठान लिया था कि वो भारत की पैदल यात्रा करेंगे। उन्होंने अब तक कई प्रदेश और शहरों की यात्रा पूरी कर चुके है।

# डॉ. संदीप के स्नेहिल आशीर्वाद संग 12 नव दंपतियों ने रचा जीवन का पावन अध्याय

अमन लेखनी समाचार




झाँसी। बाल्मीकि समाज सेवा समिति, झांसी द्वारा आयोजित आठवें सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन में सामाजिक समरसता, सादगी और संस्कारों का अनुपम संगम देखने को मिला, जहाँ 12 नव दंपतियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य सात फेरे लेकर अपने दांपत्य जीवन की नई यात्रा प्रारंभ की। दूल्हों की बारात नगर निगम से प्रारंभ होकर एलाइट चौराहा और जीवन शाह तिराहा होते हुए महाराजा गंगाधर राव कलामंच (मुक्ताकाशी मंच), किला रोड, झांसी पहुँची, जहाँ विवाह की सभी रस्में विधि-विधान से संपन्न हुईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. संदीप सरावगी ने हरी झंडी दिखाकर समारोह का शुभारंभ किया तथा नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। समारोह में सदर विधायक रवि शर्मा एवं संतराम पेंटर की गरिमामयी उपस्थिति रही।अपने संबोधन में डॉ. संदीप सरावगी ने कहा कि विवाह केवल दो व्यक्तियों का सामाजिक अनुबंध नहीं, बल्कि दो आत्माओं, दो परिवारों और दो संस्कृतियों का पवित्र मिलन है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में विवाह एक संस्कार है, जो जीवन को मयार्दा, जिम्मेदारी और समर्पण का बोध कराता है।ह्लआज जब समाज में आडंबर और अनावश्यक खर्च की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है, ऐसे समय में सामूहिक विवाह सम्मेलन सादगी, समानता और सामाजिक सहयोग का प्रेरक संदेश देता है। यह आयोजन केवल 12 जोड़ों का विवाह नहीं, बल्कि समाज की एकजुटता और संवेदनशीलता का प्रतीक है।उन्होंने नवदंपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि दांपत्य जीवन की वास्तविक सुंदरता आपसी विश्वास, संवाद, त्याग और सम्मान में निहित होती है। ह्लजीवन में सुख-दुख, उतार-चढ़ाव आते रहेंगे, किंतु यदि साथ में धैर्य और विश्वास हो तो हर चुनौती अवसर में परिवर्तित हो जाती है। आप दोनों एक-दूसरे के पूरक बनकर परिवार और समाज के लिए आदर्श स्थापित करें। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन की आधारशिला रखते हैं और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए संबल का कार्य करते हैं।ह्लजब समाज स्वयं आगे बढ़कर अपने कंधों पर जिम्मेदारी उठाता है, तब वह केवल परंपरा का निर्वहन नहीं करता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए नई दिशा और नई सोच भी प्रदान करता है।कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य संस्थापक रमेशचंद्र महर्षि, कार्यक्रम अध्यक्ष सरमन महांत, मुख्य संयोजक अनिल वाल्मीकि, कोषाध्यक्ष शेखर नलवंशी, महामंत्री अमित नखारे, संरक्षक गुरु प्रसाद धारू व कल्लू भारती, वरिष्ठ (उपाध्यक्ष) महाराज सिंह, इंद्रजीत (बादशाह), विमल मेहरौलिया, उपाध्यक्ष राहुल चंडारिया, अरुण भारती, वीरू, दीपक चावरे, सह उपाध्यक्ष हीख सिंह व सिकन्दर चंडारिया, महासचिव अरविन्द हंसारी, सचिन कुमार कागरे, सागर नखारे महंत, सह कोषाध्यक्ष शशी कांत सिगोते, आय-व्यय प्रभारी नरेंद्र चोटेले (बबीना), प्रभारी बरुआसागर विशाल पारोचे, सचिव सुशील महर्षि व संदीप नाहर, मंत्री शिव कुमार महर्षि, संगठन मंत्री विशाल सिहोते, आदित्य कांजेरिया व निहाल पवार, मीडिया प्रभारी दयाशंकर खजांची, सौरभ चंडारिया व रंजीत कंजोसिया, विशेष सलाहकार एन.पी.के. श्रीवास्तव, प्रचार मंत्री गौरव चंडारिया, आकाश चंडारिया, रोहित पेहाल व देव चौहान, प्रभारी ओरछा राजू बग्गन, प्रभारी मऊरानीपुर सोम कुमार, प्रभारी निवाड़ी साधू राम भारती, प्रभारी ललितपुर राजीव काजेरिया, दीपक नाहर, प्रेम डांगौर, संजय धावरी, प्रभारी शिवपुरी राजेश गैंचर, प्रभारी टीकमगढ़ मिथुन मेवाती, प्रभारी नौगांव मिथुन चंद्रिया व रंजीत चांधारिया, सदस्य निवाड़ी कपिल करोसिया व विशाल महरौलिया तथा सदस्य बरुआसागर विजय करोसिया सहित समस्त पदाधिकारियों और कार्यकताओं का विशेष योगदान रहा। आयोजन के अंत में नव दंपतियों को आशीर्वाद एवं उपहार प्रदान किए गए और पूरा वातावरण उल्लास, संस्कार और सामाजिक सौहार्द की भावना से ओतप्रोत रहा।

# घुमंतू जानवरों के झुंड ने फसल चरी, किसान ने 6 बीघा गेहूं की फसल पर चला दिया ट्रेक्टर

अमन लेखनी समाचार

हरदोई के पाली थाना क्षेत्र के लौकाह गांव में एक किसान ने अपने 6 बीघा गेंहू की फसल पर ट्रैक्टर चलाकर गेंहू की फसल को जोत दिया।दरअसल उसकी फसल को घुमंतू जानवरों के झुंड ने अधिकतर खराब कर दिया था जिसके बाद किसान ने यह कदम उठाया।यहां आए दिन गोवंश किसानों की मेहनत पर पानी फेरते हुए उनकी खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं जिससे किसान परेशान और हताश हो चुके हैं।पाली के लौकहा गांव निवासी किसान विश्वेश्वर राजपूत के 6 बीघा खेत में खड़ी गेहूं की अधिकतर फसल को आवारा गोवंशों के एक बड़े झुंड ने तहस-नहस कर दिया।जब किसान खेत पहुंचा तो गोवंशों द्वारा फसल को भारी नुकसान पहुंचाने से क्षुब्ध होकर किसान विश्वेश्वर ने मजबूर होकर खेत में बची हुई फसल को भी ट्रैक्टर से जोत दिया।पीड़ित किसान विश्वेश्वर राजपूत ने बताया कि आवारा गोवंशों के कारण उनकी अधिकांश फसल पहले ही नष्ट हो चुकी थी जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।उन्होंने कहा कि जब फसल बचने की कोई उम्मीद नहीं रही तो उन्होंने शेष फसल को भी ट्रैक्टर से जोत दिया।किसानों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा गोवंशों की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए इससे किसानों को हर सीजन में नुकसान उठाना पड़ रहा है। पीड़ित किसान विश्वेश्वर ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा गोवंशों को पकड़वाकर गोवंश आश्रय स्थल में भिजवाया जाए, ताकि अन्य किसानों की फसल सुरक्षित रह सके और उन्हें इस समस्या से राहत मिल सके।

# चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया

विंध्य ज्योति

सोनभद्र।शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में फरवरी महीने के तृतीय शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस रावर्टसगंज में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को सुने। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि जन मानस के शिकायतों का निस्तारण जनपद स्तर पर हो जाये उन्हें इसके लिए अन्यत्र भटकाना न पड़े उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यालय दिवस पर अधिकारी अपने कार्यालय मे उपस्थित होकर जनसामान्य की समस्याओं/शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करें।इस दौरान उन्होने कहा कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल, सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके, शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण न होने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। आज के सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित पाये गये प्रभागीय वनाधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अधिशासी अभियन्ता सिंचाई, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, अधिशासी अभियन्ता जल जीवन मिशन शहरी को जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में वृद्धा पेंशन के 04 लाभार्थियों का निस्तारण, राशकार्ड में 02 लाभार्थियों का नाम जोड़ कर निस्तारण, दिव्यांगजनो को कृत्रिम उपकरण हेतु 02 आवेदन प्राप्त हुआ, समाज कल्याण विभाग के स्टाल पर वृद्धजनों की समस्याओं को सुनते हुए, अपूर्ण आवेदनों को मौके पर ही दुरुस्त कराया गया, कई पात्र वृद्धजनों की वृद्धावस्था पेंशन को तत्काल स्वीकृति प्रदान करते हुए उन्हें योजनाओं से जोड़ा गया।

# गरौठा में एनएसएस शिविर का भव्य समापन

### हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर में गूंजा सेवा और समर्पण का संदेश

अमन लेखनी समाचार



गरौठा, मोतीबाई राजाराम महाविद्यालय, मऊरानीपुर रोड, गरौठा (झांसी) की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने सेवा, अनुशासन और सामाजिक समर्पण की उत्कृष्ट मिसाल प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अरुण कुमार मिश्रा (न.प.अ.), अयोध्या प्रसाद वर्मा (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), शिवनारायण शर्मा (कोषाध्यक्ष) एवं करन सिंह (प्रबंधक) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में प्रधानाचार्य राममिलन त्रिपाठी, सुभाष शर्मा, रतिराम भांडेले, पंकज नायक, रविंद्र गुप्ता, प्रवेन्द्र सिंह चौहान (प्रधान, ढिवकई), अनुज द्विवेदी (प्रधान, नागर), सुमित पाठक (मंडल संयोजक, भाजपा), रानू पटेल (मंडल अध्यक्ष) एवं अवधेश गुप्ता शामिल रहे।समापन अवसर पर स्वयंसेवकों एवं छात्राओं ने श्रमदान कर परिसर की स्वच्छता की तथा सामूहिक सहभोज का आयोजन किया। छात्राओं द्वारा तैयार किए गए भोजन को सभी अतिथियों, शिक्षकों और स्वयंसेवकों ने एक साथ पंगत में बैठकर ग्रहण किया, जिससे आपसी सौहार्द और एकजुटता का संदेश प्रसारित हुआ।कार्यक्रम का प्रभावशाली मंच संचालन अनूप मिश्रा और रक्षा परिहार ने किया। मंचासीन अतिथियों ने अपने उद्बोधन में युवाओं को राष्ट्र निर्माण, अनुशासन एवं समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया तथा एनएसएस की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।शिविर का सफल संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजा भैया एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी साधना तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में अनस्टॉप कुलदीप तिवारी, राजीव द्विवेदी, सोनम गुप्ता, शैलेंद्र पांचाल, प्रमोद, साकेत, छत्रपाल, आदित्य, आदित्य प्रताप, दद्दा रमेश एवं राजू का विशेष योगदान रहा।अंत में एनएसएस प्रभारी ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, ग्रामवासियों एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए शिविर के समापन की औपचारिक घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह ने छात्र-छात्राओं के सेवा भाव और अनुशासन की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# सड़क मरम्मत में घटिया कार्य, विरोध के बाद 250 मीटर सड़क उखाड़ी गई



अमन लेखनी समाचार

ककरवई, झांसी। गरौठा तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरमाईन से ककरवई तक लगभग 6 किलोमीटर लंबी सड़क के मरम्मत कार्य में ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता विहीन कार्य किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें सड़क पर डाली गई गिट्टी को एक ग्रामीण द्वारा हाथों से ही आसानी से हटाते हुए देखा गया। वीडियो वायरल होते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सड़क मरम्मत कार्य का विरोध करते हुए सही मानक के अनुसार कार्य कराने की मांग पर अड़ गए। ग्रामीणों का कहना था कि यदि घटिया सामग्री से निर्माण होगा तो सड़क जल्द ही खराब हो जाएगी। मीडिया द्वारा खबर को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद प्रशासन हरकत में आया। संबंधित विभाग के जेई को मौके पर जांच के लिए भेजा गया। जांच के उपरांत लगभग 250 मीटर तक बन चुकी सड़क को उखड़वाकर नीचे की परत की साफ-सफाई करवाई गई और अब दोबारा मानक के अनुरूप सड़क मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया गया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि आगे भी लापरवाही बरती गई तो वे पुनः आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण से उठते प्रश्न समग्र पर्यवेक्षण तक खड़े

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद (हरदोई) नवागत कोतवाल के सामने जहां कानून-व्यवस्था को दुरुस्त करने की जिम्मेदारी है, वहीं कोतवाली कार्यालय की कार्यप्रणाली को भी सुदृढ़ करना बड़ी चुनौती है। बताते चलें कि कि यदि केवल बीते जनवरी माह से लेकर फरवरी में अब तक दर्ज प्रथम सूचना रिपोटों पर ही नजर डालें तो साफ तौर पर दो गंभीर सवाल खड़े होते हैं-क्या कोतवाली कार्यालय तहरीर की इबारत को नजरअंदाज कर मनमाने ढंग से भारतीय न्याय संहिता की धाराएं दर्ज कर रहा है, या फिर कर्मचारियों में धाराओं की बुनियादी जानकारी का अभाव है? तथ्य यह हैं कि ऐसी एक-दो नहीं, बल्कि ऐसी कई एफआईआर सामने आई हैं, जिनमें तहरीर के अनुरूप धाराएं नहीं लगाई गई। हैरानी की बात यह है कि प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण अधिकारी से लेकर सीओ पेशी, सर्किल शाहाबाद कार्यालय के स्तर तक इस चूक पर या तो ध्यान नहीं दिया गया, या फिर जानबूझकर लापरवाही बरती गई। यह स्थिति प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण में गंभीर शिथिलता की ओर इशारा करती है। जब जिले के समग्र पर्यवेक्षण अधिकारी ही जवाबदेही तय करने को तत्पर नहीं दिखते, तो स्थानीय कोतवाली और क्षेत्रीय थानों में मनमानी, तानाशाही और धनउगाही की चचाओं पर अंकुश कैसे लगे यह बड़ा प्रश्न है और गहराई से देखा जाए तो न क्षेत्रीय अपराधियों का पूरा आपराधिक इतिहास रिकॉर्ड पर व्यवस्थित रूप से दर्ज है, और न ही जनपद की सीमा पार पड़ोसी जनपद के थानों के अपराधियों का विवरण स्थानीय कोतवाली या क्षेत्रीय थानों में संधारित मिलता है। इसका मुख्य कारण यही है कि जब पूछने वाला कोई नहीं, तो सब कुछ यथास्थिति में 'मस्त' चलता दिख रहा है, भले ही हाल में थानों का त्रैमासिक निरीक्षण संपन्न हो चुका है। अंततः उदाहरण सामने है-यदि रिकॉर्ड सही ढंग से व्यवस्थित होता और पुलिस को वास्तविक अपराधी प्रोफाइल धरातल पर दिखती, तो मलकापुर की डकैती के मामले में चौकी सरदारगंज के बहुचर्चित दलाल सर्वराकार की कथित मिलीभगत के आरोपों के बीच मोहल्ले के एकमात्र आपसी मारपीट प्रकरण के आरोपियों सहित भाजपा कार्यकताओं के घरों में आधी रात को डकैतों की तरह दबिश देकर विवादित बखेड़ा खड़ा न किया गया होता नतीजतन नगर पालिका परिषद के सेवानिवृत कर्मचारी ने दबिश में पकड़े जाने के बाद हवालात में रात भर भयंकर प्रताड़ना के परिणाम स्वरूप अपनी इहलीला समाप्त करने का प्रयास न किया होता और उसके परिजन घर से लेकर अस्पताल तक इतने पीड़ित न दिखे होते! कुल मिलाकर, यह मामला केवल एक कोतवाली का नहीं, बल्कि सीओ सर्किल शाहाबाद के सुपरवीजन की उदासीनता का है। पर्यवेक्षण के नियमों का सख्ती से पालन, एफआईआर में धाराओं की गुणवत्ता जांच, अपराधियों के रिकॉर्ड का अद्यतन और जवाबदेही तय किए बिना सुधार की उम्मीद बेमानी है। नवागत कोतवाल के सामने असली परीक्षा अब व्यवस्था सुधारने और अपनी कोतवाली कार्यालय तथा कोतवाली पुलिस की कार्यप्रणाली के पर्यवेक्षण की है अन्यथा जैसे इनसे पहले के प्रभारी निरीक्षक यहाँ से दण्डित किए बिना नहीं गए वैसे ही वह दिन दूर नहीं जब इनके विरुद्ध भी यही प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण अधिकारी रिपोर्ट भेजकर इन्हें दण्डित कराने से न चूकें, जिन्हें अपनी लापरवाही कहीं पर दिखाई नहीं देती और अब एक बार फिर रही समग्र पर्यवेक्षण अधिकारियों की बात तो प्रथम दृश्यट्या उनके बश की बात वर्तमान प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण अधिकारी के विरुद्ध किंचित कार्यवाही कर पाना इसलिए आसान नहीं है क्योंकि यह साहब डायरेक्ट आईपीएस हैं। इस सम्बन्ध में पुलिस का पक्ष जानने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी का सीयुजी नम्बर लगाया गया किन्तु कवरेज क्षेत्र से बाहर बोलने के कारण उनसे वार्ता नहीं हो सकी और सीओ शाहाबाद के सीयुजी नम्बर पर कॉल केवल टू टू बोलकर कट गई।

# एसएसपी का चार थानों पर औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के दिए कड़े निर्देश

गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर ने शनिवार को थाना बांसगांव, उरूवा बाजार, सिकरीगंज और खजनी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस व्यवस्थाओं, जनसुविधाओं और अभिलेखों की स्थिति का गहनता से जायजा लिया गया। एसएसपी ने थानों पर संचालित जनसुनवाई डेस्क एवं महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली की समीक्षा की और निर्देश दिया कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित एवं संवेदनशील निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सीसीटीएनएस कक्ष का निरीक्षण कर अभिलेखों को अद्यावधिक रखने तथा ऑनलाइन प्रविष्टियों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थानों पर आने वाले आवेदकों के लिए बैठने की व्यवस्था, पेयजल सुविधा, साफ-सफाई तथा थाना परिसर की समग्र स्थिति का भी अवलोकन किया गया।

# गरौठा में होली पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

### उपजिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी ने दिए दिशा निर्देश

अमन लेखनी समाचार



गरौठा। आगामी होली पर्व के मद्देनजर रविवार को कोतवाली परिसर गरौठा में उपजिलाधिकारी सुनील कुमार की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी देवेंद्र नाथ मिश्र, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरजीत सिंह सहित थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।बैठक के दौरान अधिकारियों ने होलिका दहन स्थलों की जानकारी लेते हुए नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही डीजे संचालकों को सख्त हिदायत दी गई कि बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए निर्धारित समय सीमा एवं धीमी आवाज में ही डीजे संचालित करें।उपजिलाधिकारी ने सभी से होली का त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि कहीं भी किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना दें, ताकि समय रहते समाधान किया जा सके। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।इस अवसर पर अरुण मिश्रा (नगर पंचायत अध्यक्ष), प्रधान अनुज द्विवेदी (नागर), प्रवेंद्र सिंह (ढिपकई), संजय राजा (निपान), नरेंद्र कुमार त्रिपाठी (वीरपुरा), सर्वेश कुमार (प्रधान प्रतिनिधि हैबतपुरा), ब्रजकिशोर मिश्रा (नगर पंचायत), आकाश गुप्ता (पार्षद), फजल अहमद (पार्षद), धर्मेंद्र सिंह बुंदेला, सुमित पाठक (खड़ौरा), एडवोकेट अय्यूब सिद्दीकी, प्रदीप गुप्ता, विश्ववीर व्यास, दुलीचंद, सिद्धिक अहमद, नसीब खां, मोहनलाल राजपूत, अशरफ खां, रहमान खां, परमानंद अहिरवार, हगचंद्र सहित कोतवाली क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, पत्रकार एवं पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# सफाई कर्मचारियों की हड़ताल खत्म, नगर में पटरी पर होगी सफाई व्यवस्था

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद(हरदोई)। शाहाबाद क्षेत्र में तीन फर्मों के ब्लैक लिस्टेड होने के बाद वेतन रुक जाने से नाराज आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी आठ दिन से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चल रहे थे। शनिवार को अधिशासी अधिकारी और सफाई कर्मचारियों के नेताओं के बीच हुई सौहार्दपूर्ण वार्ता के बाद हड़ताल समाप्त करने का ऐलान किया गया है। रविवार को सुबह से सफाई कर्मचारी अपने काम पर वापस लौटेंगे। गुरुवार को सफाई कर्मचारियों का वेतन उनके खाते में पहुंच जाने का आश्वासन दिया गया।आठ दिन से ठप्प पड़ी सफाई व्यवस्था से पूरे शहर में गंदगी व्याप्त हो गई। नगर पालिका परिषद में आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को वेतन देने वाली तीन प्रमुख फर्मों को ब्लैकलिस्टेड किए जाने के बाद यह समस्या उत्पन्न हुई थी। नगर पालिका के 300 आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी और सुपरवाइजर जैसे पदों पर बैठे कर्मचारियों का वेतन फंस गया। अधिशासी अधिकारी समय से वेतन देने का कोई जवाब नहीं दे सके, जिससे नाराज होकर आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों ने अनिश्चित कालीन हड़ताल कर दी और नगर में प्रदर्शन कर अधिशासी अधिकारी मुदार्बाद के नारे लगाए। आठ दिन से चली आ रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते पूरे नगर की सफाई व्यवस्था चौपट हो गई। नगर के मुख्य मार्ग सिनेमा मार्ग, बस स्टैंड, पुरानी सब्जी मंडी, चौक, सराफा बाजार, बड़ी बाजार, सदर बाजार, अल्लाहपुर आदि मुख्य मार्गों सहित गलियों में कूड़े के बड़े-बड़े ढेर लग गए। कूड़ा कचरा सड़ने लगा जिससे संक्रामक रोग फैलने की पूरी आशंका बन गई। होली का पर्व नजदीक है और रमजान का पर्व भी प्रारंभ हो जाने की वजह से मस्जिदों और मंदिरों के आसपास बड़ी मात्रा में गंदगी व्याप्त हो गई। अधिशासी अधिकारी ने सफाई कर्मचारियों के नेताओं संजय कुमार वाल्मीकि एवं बीएम सिंह को बुलाकर शनिवार को नगर पालिका परिषद के कार्यालय में वार्ता की। वार्ता सौहार्दपूर्ण संपन्न होने की खबर मिली। सफाई कर्मचारी नेता संजय वाल्मीकि ने बताया गुरुवार को अधिशासी अधिकारी ने समस्त सफाई कर्मचारियों के खाते में वेतन डालने का आश्वासन दिया है।

# प्रदेश के विकास में जैव प्रौद्योगिकी का महत्वपूर्ण योगदान

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। विकास की सीढ़ी में वैज्ञानिक शोध एवं अनुसंधान जरूरी होता है। वैज्ञानिक एवं सुव्यवस्थित ढंग से कार्य करने से चतुर्दिक विकास के रास्ते खुलते हैं। प्रदेश सरकार ने जैव प्रौद्योगिकी संगठनात्मक ढांचा एवं क्षमता विकास से कृषि, उद्योग, खाद्यान्न व पोषक तत्व प्रबन्ध चिकित्सा व स्वास्थ्य पर्यावरण एवं ऊर्जा के क्षेत्र में जैव प्रौद्योगिकी योजना प्रदेश में संचालन किया है। शोध एवं विकास परियोजनाओं के साथ-साथ इस योजना के अन्तर्गत उ.प्र. जैव प्रौद्योगिकी नीति उ.प्र. जैव प्रौद्योगिकी बोर्ड, बायोटेक पार्क, लखनऊ एवं बायोटेक नेटवर्किंग फैसिलिटी केन्द्र, लखनऊ जैसी वृहद योजनाएँ प्रदेश में विकसित की गयी है। बायोटेक नेटवर्किंग फैसिलिटी केन्द्र, लखनऊ के अन्तर्गत जैव प्रौद्योगिकी द्वारा कृषि व ग्रामीण विकास से संबंधित गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन, प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण हेतु राज्य ग्राम्य विकास संस्थान द्वारा बक्शी का तालाब लखनऊ में उपलब्ध करायी गयी भूमि पर परिषद द्वारा बायोटेक फैसिलिटी केन्द्र का विकास किया जा रहा है। इसके अन्तर्गत ग्रामीण अंचलों के उपयोगार्थ तकनीकी एवं आर्थिक दृष्टि से उपयुक्त पैकेज विकसित किये जायेंगे तथा जनमानस के उपयोग हेतु उत्पाद व तकनीकी पर आधारित वृहद प्रशिक्षण सुविधाएं विकसित की जायेंगी। बायोटेक नेटवर्किंग फैसिलिटी केन्द्र से उन्नत जैव श्रोत भी विभिन्न विभागों/प्रयोगशालाओं/शैक्षिक/स्वैच्छक संस्थाओं, कृषकों व उद्यमियों के परस्पर समन्वय से प्रदेश स्तर पर उपलब्ध कराये जायेंगें। नील हरित शैवाल जैव उर्वरक एवं एजोला उत्पादन उपयोग परियोजना प्रदेश के कृषकों में जैविक खेती के प्रोत्साहन एवं कृषकों के दोगुनी आय के दृष्टिगत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उ०प्र० द्वारा बायोटेक नेटवर्किंग फेसिलिटी सेन्टर बक्शी का तालाब, लखनऊ स्थित प्रक्षेत्र पर वित्तीय वर्ष 2021-22 में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा निर्माणधीन आउटर रिंग रोड के अन्तर्गत, 25 नये सीमेन्टेड टैंक के निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया है तथा कार्यदायी संस्था से हैण्डओवर की प्रक्रिया पूर्ण कर उत्पादन का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। नील हरित शैवाल जैव उर्वरक एवं एजोला के उत्पादन, प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन, कार्यक्रम परियोजना के अन्तर्गत बक्शी का तालाब स्थित प्रक्षेत्र पर नील हरित शैवाल उर्वरक तथा एजोला का उत्पादन कर कृषकों को उनके उपयोग हेतु निःशुल्क वितरित किया जाता है। इसी के साथ-साथ परियोजना के अन्तर्गत परिषद द्वारा कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर प्रगतिशील किसानों/युवाओं/महिलाओं को नील हरित शैवाल जैव उर्वरक एवं एजोला के उत्पादन एवं उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराते हुए प्रशिक्षित कर लाभान्वित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कृषकों के धान की फसल में नील हरित शैवाल जैव उर्वरक के प्रक्षेत्र कराये जाते है। विभिन्न किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इससे किसानों के फसलोत्पादन में बढ़ोतरी हो रही है और लोगों को जैविक कृषि उत्पाद मिल रहे हैं।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक–
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक –
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews
@gmail.com




## रजनीकांत-कमल हासन की फिल्म 'आरके एक्स केएच' का पोस्टर जारी

**मुंबई।** साउथ के 2 दिग्गज रजनीकांत और कमल हासन एक साथ आने के लिए तैयार हैं। निर्माताओं ने आखिरकार उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'आरके एक्स केएच' का पोस्टर जारी कर दिया है। इसी के साथ प्रोमो रिलीज पर अपडेट दे दिया है। पिंकविला की रिपोर्ट में बताया गया था कि प्रोमो के लिए दोनों ने रेट्रो लुक में शूटिंग की है, जिसका सबूत पोस्टर में देखने को मिला है। इसे 'कूल रेट्रो स्वैग' नाम दिया गया है, जिसे देखने के लिए लोग उतावले हैं। 'आरके एक्स केएच' के पहले पोस्टर में 2 व्यक्तियों के हाथ दिखाए गए हैं। एक ने सोने की चमचमाती हुई घड़ी पहन रखी है, जबकि दूसरे के हाथ में सोने की अंगूठी नजर आ रही है।

लाइफ Style



# भूमि

## काश मैं सिस्टम का हिस्सा होती

अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने हाल ही में अपनी फिल्म 'द लेडी किलर' की भारी असफलता और उससे जुड़े विवादों पर पहली बार खुलकर बात की है। अर्जुन कपूर संग बनी इस फिल्म को भारतीय सिनेमा की अब तक की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्मों में से एक माना जाता है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भूमि ने एक इंटरव्यू में बतायो कि फिल्म का जो वर्जन दर्शकों ने देखा, वो अधूरा था। भूमि बोलीं कि इस फिल्म की असफलता ने उन्हें बुरी तरह तोड़ दिया था। मीडिया से बातचीत के दौरान भूमि ने अपनी फिल्म 'द लेडी किलर' की विफलता को याद किया, जो हाल के वर्षों में बॉलीवुड की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्मों में से एक बनकर उभरी। उन्होंने खुलासा किया कि फिल्म का लगभग 35 प्रतिशत हिस्सा कभी शूट ही नहीं किया गया था। हमने जो स्क्रिप्ट पढ़ी थी, वो पूरी थी, लेकिन सेट पर फिल्म को अधूरा छोड़ दिया गया और जो कुछ रिलीज हुआ, वो एक अधूरी फिल्म थी।

***भूमि ने बताया क्यों फ्लॉप हुई फिल्म :*** भूमि बोलीं कि जो फिल्म सिनेमाघरों में पहुंची, वह उस वर्जन से कोसों दूर थी, जिसे कलाकारों ने शुरुआत में साइन किया था। उन्होंने बताया, काश मुझे बेहतर पता होता, शायद अगर मैं सिस्टम का हिस्सा होती तो चीजों को अलग तरह से संभाल सकती थी। मैं सदमे में थी। मैं बस यही सोचती रह गई कि आखिर हो क्या रहा है, क्योंकि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। आखिरकार, मैंने खुद को समझाया कि यह एक सीख थी।

हॉलीवुड मसाला



## हाउस ऑफ द... का टीजर जारी

लॉस एंजिल्स। एचबीओ की सबसे चर्चित वेब सीरीज 'हाउस ऑफ द ड्रैगन' लंबे समय से लोगों का ध्यान खींच रही है। निर्माताओं ने आखिरकार इसके तीसरे सीजन को लेकर बड़ी खुशखबरी साझा कर दी है। पोस्टर के बाद, उन्होंने आधिकारिक टीजर जारी किया है, जिसने आते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया। रैनीरा टार्गेरियन के प्रभावशाली किरदार में, अभिनेत्री एम्मा डी'आर्सी ने दमदार वापसी की है। इसके अलावा, आयरन थ्रोन के लिए चल रहे युद्ध की पहली झलक दिखाई गई है।



## साउथ एशियन सेलिब्रेशन में चमकी 'बूंग' और 'द परफेक्ट नेबर'

लंदन स्थित ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (**BAFTA**) मुख्यालय में आयोजित 'सेलिब्रेटिंग साउथ एशियंस' कार्यक्रम में डेब्यू डायरेक्टर लक्ष्मीप्रिया देवी की फिल्म 'बूंग' और भारतीय-अमेरिकी डायरेक्टर गीता गांधबीर की डॉक्यूमेंट्री 'द परफेक्ट नेबर' ने खूब तालियां बटोरीं। मणिपुरी कॉमेडी-ड्रामा 'बूंग' को फरहान अख्तर के बैनर एक्सेल एंटरटेनमेंट के समर्थन में बनाया गया है। ये मूवी बाफ्टा अवॉर्ड्स के बेस्ट चिल्ड्रन एंड फैमिली फिल्म कैटेगरी में नॉमिनेट हुई है। फिल्म की टीम की ओर से असिस्टेंट डायरेक्टर राहुल शारदा ने कहा, 'भारत की क्षेत्रीय फिल्मों को ग्लोबल मंच पर पहचान मिलना बहुत गर्व की बात है। भारत सिर्फ नाच-गाने वाली बॉलीवुड फिल्मों तक सीमित नहीं है, हमारी सांस्कृतिक विविधता बहुत बड़ी है।'



## 'लोका चैप्टर-2' को लेकर झूम उठेंगे फैंस

**मुंबई।** साउथ अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन की चर्चित फिल्म 'लोका चैप्टर 1- चंद्रा' की अपार सफलता के बाद फैंस इसके सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसा इसलिए भी क्योंकि फिल्म के क्लाइमैक्स में दुलकर सलमान के कैमियो ने एक बड़ा सस्पेंस छोड़ा था जिसके बारे में जानने के लिए लोग उतावले हो रखे हैं। सलमान के प्रोडक्शन हाउस, वेफरर फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म के सीक्वल पर अब खुद कल्याणी ने बड़ा अपडेट साझा किया है। मनी कंट्रोल के मुताबिक, कल्याणी ने 'लोका चैप्टर 2' पर एक अहम अपडेट साझा करते हुए पुष्टि की है कि उनका किरदार सीक्वल में वापसी करेगा। नक्षत्र, 2026 कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा, 'लोका चैप्टर 2' की कहानी शुरू हो चुकी है। हम सितंबर, 2026 तक शूटिंग शुरू करने की योजना बना रहे हैं।



## शिल्पा-जैकी 26 साल बाद फिर एक साथ

**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी और जैकी श्रॉफ की जोड़ी पूरे 26 साल बाद पर्दे पर वापसी कर रही है। ये दोनों कलाकार अमेजन प्राइम वीडियो की एक नई वेब सीरीज के लिए साथ आए हैं। आखिरी बार इन्हें 26 साल पहले पर्दे पर साथ देखा गया था, इसलिए दशकों बाद इनके नए प्रोजेक्ट ने दर्शकों को काफी उत्साहित कर दिया है। शिल्पा और जैकी के साथ-साथ उनके प्रशंसक भी इस सीरीज को लेकर बेहद उत्साहित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, शिल्पा और जैकी की जोड़ी पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार है। दोनों अमेजन प्राइम वीडियो की एक वेब सीरीज के लिए बातचीत कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि ये 8 कड़ियों की एक 'स्लाइस-ऑफ-लाइफ' ड्रामा सीरीज होगी, जो शहरी रिश्तों और जीवन में मिलने वाले दूसरे मौकों की कहानी बयां करेगी।

टीवी मसाला



## द 50 शो से बाहर आते ही शिव ठाकरे के बिगड़े बोल, कहा- वहां हम जानवरों से...

**मुंबई।** रियलिटी शो द 50 शो इन दिनों जमकर सुर्खियां बटोर रहा है. कई रिपोर्ट्स की मानें, तो अगले महीने इस शो का ग्रैंड फिनाले होगा। वहीं, शो के विनर का भी नाम सामने आ चुका है। कहा जा रहा है कि शिव ठाकरे इस बार ट्रॉफी अपने नाम करेंगे। वहीं, इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें शिव और प्रिंस नरूला साथ नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में महल से बाहर आने के बाद यह दोनों अपना शो में एक्सपीरियंस शेयर कर रहे हैं. चलिए जानते हैं आखिर इन कंटेस्टेंट्स से शो को लेकर क्या-क्या कहा।

***क्या सच में शो से बाहर आ गए हैं शिव-प्रिंस? :*** सोशल मीडिया पर वायरल क्लिप में शिव कहते हैं कि शो के दौरान वह "कुछ जानवरों" से मिले। हालांकि उनका अंदाज पूरी तरह मजाकिया दिख रहा था, लेकिन इस एक लाइन ने सोशल मीडिया पर बहस छेड़ दी। प्रिंस नरूला भी बातचीत में शामिल होते हुए कहते हैं कि शो से बाहर आने के बाद उन्हें लग रहा है कि अंदर का समय काफी अच्छा था। दोनों ने यह भी माना कि उन्होंने गेम से ज्यादा मस्ती की और शो को एंजॉय किया।

***प्रिंस नरूला ने शो के बारे में क्या-क्या बताया? :*** जब पैपराजी ने उनसे पूछा कि क्या शो में झगड़े ज्यादा होते थे, तो शिव ने साफ कहा कि उन्हें लड़ाई-झगड़ा पसंद नहीं है। उनका कहना था कि जहां भी विवाद होता था, वे उस जगह से हट जाना बेहतर समझते थे। उन्होंने बताया कि शो के दौरान वे और प्रिंस अक्सर तनाव से दूर रहकर फन मोमेंट्स पर ज्यादा ध्यान देते थे।

## सलमान, आमिर के बाद अर्नब गोस्वामी बन सुनील ग्रोवर ने लूट ली महफिल

**मुंबई।** हाल ही में टीवी के सबसे चर्चित कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में में फिल्म 'ओ'रोमियो' की स्टार कास्ट पहुंची। इस खास एपिसोड में



फिल्म मेकर विशाल भारद्वाज भी मौजूद थे लेकिन हर बार की तरह इस बार भी असली महफिल सुनील ग्रोवर ने लूट ली। उनकी एंट्री और अंदाज ने दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया। कभी सलमान खान का दबंग स्टाइल, कभी आमिर की परफेक्शन वाली झलक, हर बार नए अवतार में नजर आने वाले सुनील ग्रोवर ने इस बार मशहूर न्यूज एंकर अर्नब गोस्वामी की पैरोडी की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। सुनील ने अपने सेगमेंट का नाम 'मुद्दा गर्म' रखा, जहां उन्होंने अपनी कॉमेडी से सभी को हंसने पर मजबूर किया। इस दौरान सुनील कहते हैं कि ' हमारी डिबेट में सबसे जरूरी है बोलना, लेकिन क्या बोलना है, ये मायने नहीं रखता।"

## तापसी पन्नू को मृणाल ठाकुर ने दी पटखनी 'अस्सी' से आगे निकली 'दो दीवाने शहर में'

*मुंबई। बॉलीवुड के लिए ये शुक्रवार बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक साबित नहीं हुआ। तापसी पन्नू की 'अस्सी', जिसे समीक्षकों से तो सराहना मिली, लेकिन दर्शकों को खींचने में ये फिल्म पहले दिन पूरी तरह विफल रही, वहीं युवाओं के बीच चर्चा बटोर रही मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की 'दो दीवाने शहर में' ने भी बॉक्स ऑफिस पर बेहद ठंडी शुरुआत की है। हालांकि, 'दो दीवाने शहर में' की पहले दिन की कमाई ने 'अस्सी' को पछाड़ दिया है।*

### 1 करोड़ का आंकड़ा भी पार ना कर पाई 'अस्सी'

रिपोर्ट के मुताबिक, 'अस्सी' ने अपने पहले दिन देशभर में मात्र 1 करोड़ रुपये कमाए। ये आंकड़ा इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि इस साल आई यामी गौतम की महिला केंद्रित की छोटे बजट की फिल्म 'हक' भी कमाई के मामले में इससे आगे रही। इसने भी 1.75 करोड़ रुपये बटोरे थे। 'मुल्क' और 'थप्पड़' जैसी सफल फिल्मों के बाद निर्देशक अनुभव सिन्हा और तापसी इस बार 'अस्सी' लेकर आए, जिसे तारीफ तो खूब मिली, लेकिन दर्शक नसीब नहीं हुए।



*दर्शकों की तारीफ पर टिका फिल्म का भविष्य : फिल्म समीक्षकों और ट्रेड पंडितों का स्पष्ट मानना है कि 'अस्सी' जैसी गंभीर और विषय-प्रधान फिल्मों का भविष्य पूरी तरह से 'वर्ड ऑफ माउथ' यानी दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया पर निर्भर करता है। पहले दिन की सुस्त शुरुआत के बाद फिल्म के पास संभलने के लिए अब केवल वीकेंड का ही सहारा है।*

### 'दो दीवाने शहर में' की सधी हुई शुरुआत

उधर 'दो दीवाने शहर में' ने पहले दिन 1.25 करोड़ रुपये कमाए। हालांकि, ये आंकड़ा बड़ा नहीं है, लेकिन तापसी की फिल्म 'अस्सी' (1 करोड़) के मुकाबले ये फिल्म 25 लाख की बढ़त बनाने में कामयाब रही। फिल्म को युवाओं और मल्टीप्लेक्स दर्शकों का साथ मिला है। रवि उदयावर के निर्देशन वाली ये फिल्म मुंबई के 2 युवाओं की कहानी है, जो अपनी कमियों और अकेलेपन के बीच प्यार तलाशते हैं। शहरी युवाओं को इसकी कहानी खूब भा रही है।

## 'टॉक्सिक' में गैंगस्टर बनकर लौटे यश दुश्मनों पर पड़े भारी

**मुंबई।** 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल 'टॉक्सिक : ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' का धमाकेदार टीजर जारी हो गया है। केजीएफ 2' की ऐतिहासिक सफलता के बाद, यश की इस फिल्म से फैंस को बेशुमार उम्मीदें हैं और अब इसके टीजर ने उन उम्मीदों को और बढ़ा दिया है। केवीएन प्रोडक्शन द्वारा निर्मित और गीतु मोहनदार द्वारा निर्देशित 'टॉक्सिक' में अभिनेता का दलेर अवतार दिखाई दिया है, जो लोगों के होश उड़ाने के लिए काफी है।



### यश का एक्शन सीक्वेंस देख हिल जाएगा दिमाग

'टॉक्सिक' का टीजर 1 मिनट 55 सेकंड लंबा है जिसकी शुरुआत यश से होती है। बैकग्राउंड में आवाज आती है, 'इस बार जंग अलग है। उनकी मक्कारी भी अलग है। सबसे टकराना भारी पड़ेगा। यश अपने दुश्मनों पर भारी पड़ते दिखते हैं। इसमें एक्शन, मारधाड़ और खून-खराबा उच्च स्तर पर दिखाई देता है। कुछ दृश्य रूह कंपाने जैसे हैं। 19 मार्च को रिलीज हो रही फिल्म में कियारा आडवाणी, नयनतारा, तारा सुतारिया, हुमा कुरैशी जैसे सितारे हैं।

### समुद्री डाकू के रूप में दमदार अवतार देखने के लिए फैंस काफी उत्साहित

## प्रियंका की 'द ब्लफ' से पहले समुद्री डाकुओं पर बनीं हैं ये फिल्में

*मुंबई। प्रियंका चोपड़ा अपनी चर्चित फिल्म 'द ब्लफ' के जरिए फिर पूरी दुनिया का दिल जीतने आ रही हैं। 25 फरवरी, 2026 को यह अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देने के लिए तैयार है। फिल्म में अभिनेत्री का समुद्री डाकू के रूप में दमदार अवतार देखने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। इसी विषय से संबंधित कुछ शीर्ष रेटिंग वाली फिल्में पिछले सालों में रिलीज हुई हैं, जिनका लुत्फ उठाकर समुद्री डाकुओं की रोमांचक दुनिया का दीदार किया जा सकता है।*

### 'पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन' फ्रैंचाइजी

समुद्री डाकुओं पर बनी 8.1 रेटिंग वाली सबसे चर्चित फिल्म 'पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन' का जिक्र होना लाजिमी है। निर्देशक गॉर वरबिन्स्की ने इसकी पहली 3 किस्तों 'द कर्स ऑफ द ब्लैक पर्ल', 'डेड मैन्स चेस्ट' और 'एट वर्ल्ड्स एंड' को बनाया था। इसकी 2 अन्य किस्तें 'ऑन स्ट्रेंजर टाइड्स' और 'डेड मेन टेल नो टेल्स' भी हैं। फिल्म की कहानी जैक स्पैरो (जॉनी डेप) नाम के समुद्री डाकू, श्रापित खजाने और जहाजों के रोमांचक सफर के इर्द-गिर्द घूमती है।

### 'कैप्टन फिलिप्स' और 'द पाइरेट्स! बैंड ऑफ मिसफिट्स'

ऑस्कर विजेता टॉम हैंक्स की फिल्म 'कैप्टन फिलिप्स' 2013 में रिलीज हुई जिसे 7.8 की रेटिंग मिली है। इसकी कहानी 2009 में सोमाली समुद्री लुटेरों द्वारा अमेरिकी जहाज 'मर्स्क अलबामा' के अपहरण करने की सच्ची घटना पर आधारित है। इसे 6 ऑस्कर नामांकन मिले थे। 'द पाइरेट्स! बैंड ऑफ मिसफिट्स' एक बेहतरीन कॉमेडी एनिमेटेड फिल्म है जिसकी रेटिंग 6.7 है। कहानी एक जहाज कैप्टन पर बुनी गई है जो पायरेट ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीतना चाहता है।



### 'द पाइरेट्स ऑफ सोमालिया' और 'द प्रिंसेस ब्राइड'

ब्रायन बकले द्वारा निर्देशित 'द पाइरेट्स ऑफ सोमालिया' एक कनाडाई पत्रकार जय बहादुर की किताब पर आधारित है। कहानी समुद्र डाकुओं की रोजमर्रा की जिंदगी को दिखाती है। इसे आईएमडीबी पर 6.7 की रेटिंग मिली है। 'द प्रिंसेस ब्राइड' 1987 में रिलीज एक कल्ट क्लासिक फिल्म है जिसे 8 की रेटिंग मिली है। रॉब रेनर द्वारा निर्देशित इसकी कहानी एक प्रेमी वेस्टली के इर्द-गिर्द घूमती है जो अपनी प्रेमिका बटरकप को बचाने के लिए समुद्री डाकू का रूप लेता है।